
सातवां दिन - मां काल रात्रि

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

RNI NO. RAJHIN/2010/35060



वर्ष : 15 | अंक : 326 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर | सोमवार, 29 सितंबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in · badhatarajasthan@yahoo.com · badhatarajasthan.dainik · badtarajasthan


## भारत ने जीता एशिया कप का खिताब

# भारत नौवीं बार बना एशिया कप चैंपियन




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारतीय टीम ने 2023 में वनडे प्रारूप के बाद 2025 में टी20 प्रारूप का एशिया कप जीत लिया है। भारत के लिए तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक टिके रहकर टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाई। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान की पारी 19.1 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने 53 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए जीत का चौका रिंकू सिंह ने लगाया। रिंकू के चौका लगाते ही ड्रेसिंग रूम में भारतीय सदस्य और मैदान पर दर्शक खुशी से झूम उठे। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी अपना जोश नियंत्रण में नहीं रख सके। जूझारू पारी खेलने वाले तिलक ने खुशी में बल्ला लहराया और पाकिस्तान के खिलाड़ी एक बार फिर मुंह लटका कर खड़े रहे। भारत की पाकिस्तान पर इस टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है और सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम ने इस तरह पाकिस्तान के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगा दी है।

### भारत की खराब शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। भारत के तीन बल्लेबाज- अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव कुल 20 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए थे और उस वक्त भारतीय टीम मुश्किल में नजर आ रही थी। अभिषेक का बल्ला पूरे टूर्नामेंट में गरजा, लेकिन इस मैच में वह पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव फिर विफल रहे और एक रन बनाकर आउट हो गए। जब तक भारत इन दो झटकों से उबर पाता, उससे पहले ही फहीम अशरफ ने शुभमन गिल को आउट कर भारत की पारी लड़खड़ा दी।

### तिलक ने सैमसन के साथ संभाली पारी

शुरुआती झटके लगने के बाद तिलक ने संजू सैमसन के साथ मिलकर भारत की पारी संभाली। दोनों बल्लेबाजों ने टिककर खेलना शुरू किया। इस दौरान हालांकि, सैमसन को जीवनदान भी मिला। सैमसन इसका पूरी तरह फायदा तो नहीं उठा सके, लेकिन उन्होंने तिलक के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी की। सैमसन बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे और 24 रन बनाकर आउट हुए। सैमसन भले ही बड़ी पारी नहीं खेल सके, लेकिन उन्होंने तिलक का साथ निभाया जो भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### दुबे का आक्रामक अंदाज

भारत ने 77 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे और फिर तिलक का साथ देने शिवम दुबे उतरे। दुबे ने शुरुआत में कुछ ऐसे शॉट खेले जिससे वह आउट होने से बचे। इस दौरान दुबे और तिलक के बीच गलतफहमी के कारण तिलक रन आउट होने से बचे। इसके बाद दोनों ने जिम्मेदारी से पारी आगे बढ़ाई। दुबे का इस दौरान आक्रामक अंदाज दिखा और उन्होंने बढ़ते जरूरी रन रेट के बीच बाउंड्री निकालकर दबाव बढ़ने नहीं दिया। इस बीच, तिलक ने अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत को जब सात गेंदों पर 10 रन चाहिए थे, तब शिवम दुबे ने फहीम अशरफ की गेंद पर बड़ा शॉट खेला, लेकिन बाउंड्री पर शाहीन अफरीदी ने कैच पकड़ लिया। दुबे 22 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए।

### आखिरी ओवर का रोमांच

भारत को आखिरी छह गेंदों पर 10 रन चाहिए थे और क्रीज पर तिलक के साथ रिंकू सिंह थे। रिंकू टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला खेल रहे थे। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ गेंदबाजी करने आए और तिलक वर्मा ने पहली गेंद पर दो रन लिया, जबकि दूसरी गेंद पर छक्का लगाकर भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। तीसरी गेंद पर तिलक ने एक रन लेकर स्कोर बराबर कर दिया। चौथी गेंद पर रिंकू ने चौका लगाया और टीम को जीत दिलाई। पाकिस्तान की ओर से फहीम अशरफ ने तीन विकेट लिए, जबकि शाहीन अफरीदी और अबरार अहमद को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान ने एशिया कप के फाइनल मुकाबले में भारत के सामने 147 रनों का लक्ष्य रखा। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और टीम ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान को पूरे 20 ओवर भी नहीं खेलने दिया।

# हरनौत में ओवरफ्लाई निर्माण के दौरान हादसा

बढ़ता राजस्थान



**नालंदा,( एजेंसी)।** बिहार में नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में रविवार शाम करीब पांच बजे एक बड़ा हादसा उस वक्त हो गया, जब ओवरफ्लाई निर्माण के दौरान शटरिंग अचानक टूट गई, जिसमें लगे छह मजदूर अचानक नीचे गिर गये और मलबे में दब गये। यह हादसा नालंदा के हरनौत-गोनावां रोड पर स्थित आरपीएस कॉलेज के पास हुआ, जहां बख्तियारपुर- हरनौत- राजगीर रेलखंड पर ओवरफ्लाई का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासियों और पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुये बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायल मजदूरों को मलबे से निकालकर कल्याण बिगहा रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। हरनौत के थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने घटना के बारे में बताया कि, 'गार्डर की ढलाई के दौरान अचानक शटरिंग टूट गयी जिससे यह हादसा हुआ।' उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान समस्तीपुर के मो. आजाद (40) और मो. नाजिर (40), दरभंगा के मो. इस्लाफीन (26 ), मो. खुर्शीद (28 ) और मो. नौशाद (25) और पटना जिले के सुरेंद्र बिंद (45) के रूप में हुई है। इस संबंध में अस्पताल प्रभारी डॉ राकेश रंजन ने जानकारी दी कि सभी मजदूरों को प्राथमिक इलाज के बाद एम्बुलेंस से सुरक्षित स्थानों के लिये रवाना कर दिया गया है।






# वामपंथी विचारधारा ने रोकी विकास की राहें : अमित शाह

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछड़ेपन के लिए वामपंथी उग्रवाद को सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा है कि जो लोग यह प्रचार कर रहे हैं कि वामपंथी उग्रवाद पिछड़ेपन के कारण फैला वे देश को गुमराह कर रहे हैं। श्री शाह ने रविवार को यहां 'भारत मंथन-2025ः नक्सल मुक्त भारत, पीएम मोदी के नेतृत्व में लाल आतंक का खात्मा' के समापन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास न पहुंचने का एकमात्र कारण वामपंथी विचारधारा है। उन्होंने कहा कि जो लोग यह प्रचार कर रहे हैं कि वामपंथी उग्रवाद का मूल कारण विकास की कमी है वे देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा , " 60 करोड़ गरीबों के लिए प्रधानमंत्री मोदी अनेक योजनाएं लाए हैं, नक्सलवादी क्षेत्र में कौन इन योजनाओं को नहीं पहुंचने देता। सुकमा या बीजापुर में स्कूल नहीं पहुंचा तो उसका दोषी कौन है। वामपंथी क्षेत्र में सड़कें क्यों नहीं बन सकीं क्योंकि नक्सलियों ने कॉंट्रैक्टर्स की हत्या कर दी।" नक्सलवाद की समस्या पर सरकार को उपदेश देने वाले बद्धिजीवियों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इनकी संवेदना तटस्थ नहीं है। उन्होंने कहा ," बड़े-बड़े लेख लिखकर सरकार को उपदेश देने वाले बुद्धिजीवी विक्टिम ट्राइबल के लिए लेख क्यों नहीं लिखते? उनकी संवेदना सिलेक्टिव क्यों है? नक्सलियों के समर्थक न तो आदिवासियों का विकास चाहते और न ही उनके मन में उनकी चिंता है, बल्कि उन्हें दुनियाभर में रिजेक्ट होती अपनी विचारधारा को ज़िदा रखने की चिंता है।" केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों ने पहला निशाना संविधान और फिर न्यायिक व्यवस्था को बनाया।




## गोपीनाथ मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन, सीता स्वयंवर की लीला प्रस्तुत



**बढ़ता राजस्थान, पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के गोपीनाथ मंदिर प्रागपुरा में पण्डित मोहन लाल भागवती के सानिध्य में 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का 6वां दिन सम्पन्न हुआ। कथा व्यास श्री निकुंज लाडली ने भगवान श्रीराम के अवतार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलयुग में केवल ईश्वर भक्ति ही मुक्ति का साधन है। उन्होंने भक्तों से लगातार राम कथा सुनने का आग्रह किया, जिससे जीवन सही मार्ग पर चल सके और सफलता प्राप्त हो। इस अवसर पर कथा में धनुष भंग और प्रभु श्रीराम-सीता स्वयंवर की लीला सुनाई गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए और भक्ति में डूबकर उनकी महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में पण्डित बलराम मुद्गल, शिवानी ब्रजवासी, हेमंत शास्त्री, संतोष ब्रजवासी, पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र स्वामी, बाबूलाल सैनी, जयप्रकाश ब्रजवासी, धोलाराम स्वामी, विरेन्द्र यादव, कृष्ण महावर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पावटा में रामलीला का रोमांचक मंचनः सेतुबंध और अंगद-रावण संवाद ने मंत्रमुग्ध किया



**बढ़ता राजस्थान, पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में आदर्श रामलीला मंडल के तत्वाधान में रामलीला का आयोजन जारी है। रविवार की रात्रि मंचन में श्रीराम-सीता स्वयंवर से लेकर लंका पर आक्रमण और सेतुबंध तक की घटनाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कथा के अनुसार, समुद्र देव ने तीन दिन तक रास्ता नहीं दिया तो प्रभु श्रीराम क्रोधित होकर धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते हैं। इसके बाद वानर सेना नल-नील वानरों के नेतृत्व में सेतु का निर्माण करती है। इस दौरान एक गिलहरी भी सहयोग करती है, जिसे देखकर वानर दल हंसता है। श्रीराम आश्चर्य में पड़ते हैं तो जामवंत जी उन्हें बताते हैं कि राम से बड़ा राम का नाम और यही शक्ति पत्थरों को तैरने में सक्षम बनाती है। मंचन में सेतुबंध, श्री रामेश्वर स्थापना, विभीषण की शरणागति, लंका पर वानर सेना की चढ़ाई और अंगद-रावण संवाद का प्रदर्शन हुआ। युवराज अंगद ने रावण को वैदेही को लौटाने की समझाइश देते हुए उसका राज मुकुट श्रीराम दल में पहुँचाया और विभीषण का राज्याभिषेक किया। स्थानीय कलाकारों में शुभम शर्मा और रामशरण बोहरा हनुमान का किरदार निभा रहे हैं। विकास पुजारी रावण, लक्की भारद्वाज श्रीराम और तनुज शर्मा सीता की भूमिका में हैं। व्यासपीठ पर योगेश शर्मा चौपाईयों का मंचन कर रहे हैं। मंचन देखकर श्रद्धालु रोमांचित हो उठे और रामलीला का आनंद लिया।

## पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने जीएसटी को लेकर केंद्र-राज्य सरकार पर बोला हमला

**बढ़ता राजस्थान,पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** विराटनगर विधानसभा से पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने बिना किसी का नाम लिए केंद्र की मोदी सरकार और राजस्थान की भजनलाल सरकार पर तीखी आलोचना की। गुर्जर ने कहा कि जीएसटी के नाम पर पिछले दस सालों में आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पूर्व विधायक ने एक वीडियो संदेश में कहा कि जीएसटी लागू करते समय मिडिल क्लास और आम आदमी की कमर तोड़ दी गई। उन्होंने राहुल गांधी का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस ने इसे गब्बर टैक्स बताया था, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। अब चुनाव के दृष्टिगत जीएसटी में कमी की जा रही है और बीजेपी नेता स्वयं इस फैसले की वाहवाही लूटने का प्रयास कर रहे हैं। गुर्जर ने आरोप लगाया कि बीजेपी नेताओं के इस कृत्य से दुकानदार और आम जनता मजबूरी में झुक रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब इनके झूठ और फर्जीवाड़े को समझ चुकी है और यह संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।



## नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सवः विधायक अनीता जाटव ने लिया महाआरती में भाग



**बढ़ता राजस्थान, हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** हिण्डौन स्थित शीतलेश्वर हनुमान मंदिर में नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव के छठवें दिन स्कंदमाता स्वरूप की पूजा आयोजित की गई। इस अवसर पर विधायक अनीता जाटव का माता की चुनरी उड़ाकर सम्मान किया गया। विधायक ने महोत्सव के आयोजन हेतु सहयोग राशि भी प्रदान की। शाम 7:30 बजे पंडित वैभव आचार्य और उपाचार्य उमाकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में पूजा अर्चना और महाआरती सम्पन्न हुई। आरती में सैकड़ों भक्तजन और मातृ शक्तियां उपस्थित रहे, जिन्होंने माता के भजनों पर नृत्य कर आयोजन को भव्य बना दिया। महोत्सव समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका, अध्यक्ष कल्ला चोट मुरादा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया और समिति ने आमजन से अपील की कि वे शाम की आरती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## जाट समाज चौरासी ने मनाया शहीद भगत सिंह का जन्मोत्सव, भव्य रैली निकाली

**बढ़ता राजस्थान, हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जाट समाज चौरासी ने रविवार को शहीद भगत सिंह के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य रैली आयोजित की। रैली का शुभारंभ बयाना रोड स्थित महाराजा सूरजमल स्टेडियम से अध्यक्ष गजानंद चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

### सेई से व्यर्थ जा रहा पानी रोकने की योजना फलीभूत नहीं

# सेई के पानी को जवाई में परिवर्तित करने की योजना पर सरकार की उदासीनता

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** सेई बांध से व्यर्थ बहकर गुजरात जा रहे पानी को जवाई में डाइवर्ट करने की योजना अभी फलीभूत नहीं हो पाई है। जो प्रोजेक्ट सालभर पहले पूरा होना था वह अभी साठ फीसदी ही हो पाया है। ऐसे में जवाई तक पहुंचने वाला पानी आज भी व्यर्थ बह रहा है। सेई बांध से ओवरफ्लो होकर व्यर्थ बह रहे पानी को जवाई बांध में परिवर्तित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर सुस्ती को देखते हुए पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने रविवार को सेई बांध का दौरा कर योजना पर हो रहे कार्य का अवलोकन किया। साथ ही राज्य सरकार पर कार्य की धीमी गति को लेकर उदासीनता का आरोप लगाया। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाए जाने का आग्रह किया है। सुमेरपुर से पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा, जलसंसाधन विभाग की सहायक अभियंता आकांक्षा आदि



### जवाई में पहुंचना था दोगुना से ज्यादा पानी

सेई बांध (बेकरिया-उदयपुर) वर्ष 1970 से 1978 के बीच बना था। वहीं, वर्ष 2015 से 2020 के बीच सेई बांध से करीब 3000 एमसीएफटी पानी व्यर्थ बह गया। इस नुकसान को रोकने के लिए वर्ष 2020 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने करीब सौ करोड़ की योजना स्वीकृत की थी। इसके तहत सेई बांध की पौने तीन मीटर गहरी सुरंग को चार मीटर तक गहरा करना था, ताकि व्यर्थ जा रहे पानी को जवाई बांध में लाया जा सके।

### कार्य पूरा होता तो भरपूर पानी मिलता

पूर्व विधायक ने बताया के यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 15 सितंबर 2024 तक पूर्ण होना चाहिए था, लेकिन अब तक महज 60 फीसदी ही कार्य पूरा हो पाया है। आरोप लगाया कि यदि समय पर कार्य पूरा हो जाता तो इस वर्ष जवाई व सेई बांध में भरपूर पानी था, जिसका अधिकतम उपयोग किया जा सकता था। वर्तमान स्थिति को देखा जाए तो लग रहा है कि कार्य 2026 से पहले शायद ही पूरा हो सके।

### सुरंग क्षमता 305 से 855 क्यूसेक बढ़ाने की योजना

उदयपुर जिले की कोटड़ा तहसील में बना सेई बांध जवाई बांध का फीडर बांध है। इससे पेयजल व सिंचाई की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। इस बांध की मूल लंबाई 951.20 मीटर व ऊंचाई 8.25 मीटर और सकल क्षमता 1106.58 एमसीएफटी थी। इसे 2006-08 में बढ़ाकर ऊंचाई 10.93 मीटर व क्षमता 1618.47 एमसीएफटी कर दी गई। बांध का जलग्रहण क्षेत्र 331.52 वर्ग किमी है। यहां से हर वर्ष पानी जुलाई से जनवरी माह के बीच 6.776 किमी लंबी सुरंग के माध्यम से जवाई बांध तक पहुंचाया जाता है। सुरंग की मौजूदा क्षमता 305 क्यूसेक है, जिसे बढ़ाकर 855 क्यूसेक करने के लिए राज्य सरकार ने 28 अक्टूबर 2020 को 8658.30 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी। कार्य 15 सितंबर 2024 तक पूर्ण होना था, लेकिन अभी तक 60 फीसदी कार्य ही हो सका है।

## राउंड टेबल इंडिया का 'नीऑन रात्री 4.0' गरबा आयोजन, युवाओं ने डांडियों पर जमकर किया नृत्य

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** राउंड टेबल इंडिया उदयपुर द्वारा रानी रोड स्थित मेंशन बैंक्वेट बाई रेडिसन में 'नीऑन रात्री 4.0' गरबा का आयोजन किया गया। युवाओं ने पारंपरिक गुजराती पोशाक में सज-धज कर गुजराती सिंगर रुतविच पंड्या की लाइव प्रस्तुति पर डांडिया खेलकर महोत्सव का आनंद लिया।

आयोजन का शुभारंभ महाआरती से हुआ, जिसमें सभी ने मां अम्बे की आरती में भाग लिया। कार्यक्रम में लेजर शो भी एक आकर्षण का केंद्र रहा। डांडिया प्रतियोगिता में बेस्ट डांस, बेस्ट मेल ड्रेस और बेस्ट फीमेल ड्रेस सहित विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



राउंड टेबल इंडिया के चेयरमैन साहिल नवलखा ने बताया कि इस कार्यक्रम से प्राप्त राशि का उपयोग सरकारी स्कूलों में आधुनिक कक्षाओं के निर्माण में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक राउंड टेबल इंडिया ने पूरे देश में 10,040 कक्षाओं का निर्माण किया है, जिनमें उदयपुर में 100 से अधिक कक्षाएं शामिल हैं। कोषाध्यक्ष नमन पाटीदार ने बताया कि शहरवासियों और समाज के विभिन्न वर्गों ने परोपकारी उद्देश्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे प्राप्त राशि से सरकारी विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आयोजन स्थल पर मौजूद प्रायोजकों में नेक्सीथों, स्टोनेक्स, पसिफिक हॉस्पिटल सिटी, अर्चि बिल्डर, जे के मार्बल, टोयोटा, हेक्क्यू क्वाट्र्ज, अबार, रजवाड़ा ज्वेल्स, विक्टोरिया मेंशन, माउंट बैंक और अलंकार ज्वेल्स के प्रतिनिधि शामिल थे।

## आज से होगा तीन दिवसीय एसकेजे ज्वेलर्स डांडिया महारास 2025 का रंगारंग आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में सोमवार से वैशाली नगर स्थित जानकी पैराडाइज में तीन दिवसीय डांडिया महारास 2025 की एसकेजे ज्वेलर्स डांडिया महारास 2025 की शुरुआत होने जा रही है। हर बार की तरह इस बार भी इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में गजब का उत्साह और क्रेज नजर आ रहा है। एसकेजे ज्वेलर्स डांडिया महारास 2025 के संरक्षक एवं पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव और आयोजक पवन टांक ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन एक बार फिर से डांडिया महारास दिल से स्लोगन के साथ में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें माँ दुर्गा के भव्य दरबार के साथ साथ लगातार तीन दिनों तक डांडिया की खनक, गरबा की धूम एवं म्यूजिक की मस्ती के साथ डांडिया लवर्स के लिए बहुत कुछ खास हो रहा है। इवेंट की कोरियोग्राफी नटराज डांस एकेडमी से सुनीता राज वर्मा द्वारा की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि मां अम्बे की आराधना, नारी शक्ति और सम्मान को समर्पित इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में स्वामी कमलेश महाराज, पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ, महंत हाथोज धाम बालमुकुंडाचार्य, कैबिनेट मंत्री व विधायक झोटवाड़ा राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शिरकत करेंगे।

## महावीर सिंह कन्डेरे समाज समिति के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में आयोजित कंडेरा समाज के एक कार्यक्रम में समाज बंधु की मौजूदगी में कन्डेरे समाज समिति भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चन्द कन्डेरा ने सर्वसम्मति से महावीर सिंह कन्डेरे को कन्डेरे समाज समिति राजस्थान का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी समाज बंधुओ एवं महिला कार्यकर्ताओं ने महावीर सिंह कंडेरे को राजस्थान का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं महावीर सिंह कन्डेरे को कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पूरे राजस्थान के कंडेरा समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर नवनियुक्त कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष महावीर सिंह कन्डेरे ने समाज की एकता शिक्षा और रोजगार पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं के सम्मान की बात करते हुए कहा की जिस घर में नारी की इज्जत होगी मां की इज्जत होगी उस घर और परिवार में कभी किसी चीज की कोई कमी नहीं होगी। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को सम्मान देना चाहिए। नवनियुक्त महावीर सिंह कन्डेरे ने कहा कि बहुत जल्दी पूरे राजस्थान में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति जाएगी और बहुत जल्दी ही पूरे राजस्थान में प्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

## मां पद्मावती 5 दिवसीय डांडिया महोत्सव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** तरुण प्रभावना फाउंडेशन गुरु परिवार की ओर से हिरणमगरी स्थित घुमर गार्डन में आयोजित मां पद्मावती 5 दिवसीय डांडिया महोत्सव रविवार को भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवाह कलेक्शन के सुनील सिपरिया, होटल मेम्पल के सुदर्शन जैन, समाज श्रेष्ठी सुमतिलाल दूदावत और घुमर गार्डन के देव किशन मेनारिया थे।



राजस्थान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी राजकुमार अखावत ने बताया कि पांचवें दिन ट्रस्ट अध्यक्ष निमल नाथुत ने पुरस्कारों की घोषणा की। पुरस्कारों में कूलर, ओवन, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित विभिन्न उपहार वितरित किए गए। अंतिम दिन लक्की ड्रॉ में ओक्या ईवी टू-व्हीलर का विजेता घोषित किया गया, जिसकी चाबी ओक्या के ऑनर मनीष नलवाया ने प्रदान की।

सांस्कृतिक मंत्री टीना मेहता ने पांचों दिन कार्यक्रम की व्यवस्था और प्रथम तीन पुरस्कारों की प्रस्तुति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। निर्णायक मंडल में महेन्द्र कोठारी, दिनेश पूर्बिया, पार्षद रूचिका चैधरी, उर्मिला भंडारी और संस्कार जैन शामिल थे।

### प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

## राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से सांगानेर के विकास कार्यों को धरातल पर मिल रहा मूर्तरूप : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान से ही देश-प्रदेश का विकास होगा। हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी आस-पास के लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ें तथा सेवा पखवाड़ा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। 29 सितंबर को सांगानेर को मिलेगी विकास कार्यों की सौगात मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से सांगानेर के विकास कार्यों को धरातल पर मूर्तरूप मिल रहा है। इसी क्रम में नवरात्र के अवसर पर 29 सितंबर को सांगानेर क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही, सांगानेर के क्षेत्रवासियों के साथ भविष्य के विकास कार्यों की योजना पर चर्चा भी की जाएगी।




इससे पहले मुख्यमंत्री निवास पर सांगानेर क्षेत्र के लोगों ने मन की बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, उप महापौर श्री पुनीत कर्णावट सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

## श्रीरामनगर से ज्वाला माता की 15वीं पदयात्रा का भव्य शुभारंभ



**बढ़ता राजस्थान, फुलेरा (नि.स)।** फुलेरा के श्रीरामनगर स्थित श्री चमत्कारेश्वर मंदिर परिसर से माता ज्वाला की 15वीं पदयात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि त्रिलोक दास महाराज और महंत सत्य नारायण महाराज ने पूजा-अर्चना और हरी झंडी दिखाकर यात्रा रवाना की। अतिथियों का स्वागत दुपट्टे और माला से किया गया और उन्होंने माता रानी के दरबार में पूजा की। कार्यक्रम का मंच संचालन संतोष स्वामी ने अपने जोशीले अंदाज में किया। माली सैनी समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी, उर्मिला देवी सुरोलिया, रमेश नौदल, धन्नालाल नोदल, अशोक वासदेव, आशा सैनी, गजेंद्र सिंह शेखावत, सरदार चौधरी, धर्मेंद्र सैनी, पूजा भाटी , अभिषेक वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति कार्यकर्ताओं निरंजन सैनी, देवकीनंदन साहू, कमल प्रजापत, कमलेश कुमावत, सुरेंद्र, कैलाश सैनी, मोनू सैनी, राजकुमार और ओमप्रकाश की मेहनत से यह यात्रा सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। भव्य घोड़े पर सवार माँ जगदम्बे, हाथों में ध्वज थामे भक्त, पुष्प वर्षा और जयकारों के बीच सुबह 9:15 बजे यह यात्रा फुलेरा से 25 किलोमीटर दूर जोबनेर स्थित ज्वाला मैया मंदिर के लिए प्रस्थान कर गई। बाबूलाल हेमराज अजमेरा ने बताया कि यह पदयात्रा भक्ति और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है।

## आभावास में संघ ने मनाया विजयादशमी उपलक्ष पर-पथ संचलन निकाला स्वयंसेवकों पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई



**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** संघ की शताब्दी वर्ष के उद्घाटन कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आभावास मण्डल के स्वंयसेवको ने बुंगले वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में विजयादशमी उत्सव मनाया। सर्वप्रथम संघ पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि बाबूलाल महाराज( गौशाला अध्यक्ष)सहित शस्त्र पूजन किया और अतिथि परिचय के पश्चात मुख्य बौद्धिक कर्ता - रामावतार महर्षि श्रीमाधोपुर ने स्वंयसेवको व ग्रामीणजनो को संघ के 100 वर्षों की यात्रा का वर्णन किया और भविष्य में राष्ट्र और समाज के लिए संघ के संकल्प के बारे में बताया। इसके पश्चात् सभी स्वयंसेवको ने घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर गांव के प्रमुख रास्तों से पथ संचलन निकाला। सभी गांववासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वंयसेवको का स्वागत किया।

## गुरुवार को दशहरा मैदान, रींगस में श्री विजयादशमी महोत्सव का होगा आयोजन

**बढ़ता राजस्थान, रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** युवा विकास मंच, रींगस द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) को साय: 6 बजे से दशहरा मैदान, रींगस में श्री विजयादशमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत शाम 4 बजे से भगवान लक्ष्मण जी के मंदिर से शोभायात्रा का शुभारम्भ एवं शाम 6 बजे से दशहरे मेले का श्री गणेश होगा। जिसमे रावण, कुम्भकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। समिति ने सभी ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्यजनों से निवेदन किया है कि इस कार्यक्रम में पधारकर अपनी उपस्थिति से इस आयोजन की शोभा बढ़ाएँ। आपकी गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी होगी।

## चार दिवसीय क्षत्रिय युवक संघ प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**बढ़ता राजस्थान, चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** ग्राम सिंगोद स्थित जमुवाय माताजी मंदिर में चार दिवसीय क्षत्रिय युवक संघ प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर में रविवार को क्षत्रिय युवक संघ केंद्रीय संचालक गजेंद्र सिंह आऊ ने कहा कि राजपूत समाज के युवाओं को क्षात्रधर्म के सिद्धांत अपनाना चाहिए । प्रशिक्षण शिविर में आसपास के गांवो से 135 स्वयंसेवको भाग लिया है। कार्यक्रम में जागरण, प्रार्थना सभा, योग, खेलकूद, अल्पाहार पर चर्चा, शाखा पर चर्चा, विनोद सभा और शिविर चर्चा की गई। शिविर के दौरान बच्चों को संस्कार और संस्कृति का महत्व बताते हुए इसे निजी जीवन में उतारने के लिए नियमित अभ्यास और अनुशासन अपनाने का संदेश दिया गया । शिविर में श्री जमवाय माताजी मंदिर ट्रस्ट सिंगोद अध्यक्ष हरि सिंह शेखावत ने बताया कि चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का कल समापन होगा।

## स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सफाई अभियान का होगा आयोजन

**बढ़ता राजस्थान, चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** शहर के उप जिला चिकित्सालय में स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सफाई अभियान का आयोजन किया जाना है । इसी क्रम में सितंबर माह के अंतिम रविवार दिनांक 28 सितंबर को प्रात: 7 से 8 बजे तक सफाई अभियान का आयोजन अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में शुरुआत की गई। स्वच्छता अभियान उप जिला चिकित्सालय के कर्मचारी व अधिकारीगण शामिल हुए। उप जिला चिकित्सालय में माह के अंतिम रविवार को स्वच्छता अभियान चलाने की पहल का सभी ने स्वागत किया।



# डांडिया नाइट्स सीजन 3.0 में बॉलीवुड और गुजराती गानों पर जमकर थिरके जयपुरवासी

### पूरे उत्साह और जोश के साथ लोगों ने एंजॉय किया डांडिया नाइट्स सीजन 3.0

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के गरबा और डांडिया प्रेमियों के लिए 200 बीघा बायपास, कालवाड़ रोड स्थित सियाराम मैरिज गार्डन में दो दिवसीय डांडिया नाइट्स सीजन 3.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन को मोहित शर्मा और आरबी होम्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है तथा ओमजी सराफ ज्वेलर्स इसके प्रायोजक हैं। इवेंट आयोजक मोहित शर्मा ने बताया कि यह डांडिया नाइट जयपुरवासियों के लिए एक यादगार अनुभव लेकर आई है, जिसमें मनोरंजन, संगीत और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। आज दूसरे दिन लोगों में इस प्रोग्राम को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। हर एज ग्रुप के लोगों ने बॉलीवुड और गुजराती गानों पर डांस करते हुए गरबे का मजा लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रविन्द्र सिंह भाटी (विधायक शिव), बालमुकुंदाचार्य (विधायक हवामहल) और मशहूर हरियाणवी सिंगर खासा आला चाहर ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सनातन सेना भारत के राज्य संयोजक संदीप महाकाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रकाश शुक्ला, खाटूश्याम मंदिर पुजारी मानवेंद्र सिंह चौहान, हिंदू क्रांति सेना के प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह स्याणी सहित कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं। सोशल मीडिया से जुड़े जाने-माने चेहरों में राजवीर गुर्जर, निकस बोहरा, रितु कांवट, टीनू यादव, अजय मीणा, हरविंदर गिल, साहिल पंडित, रवि लवगुरु और बाईसा दिव्या नरूका बतौर इन्फ्लुएंसर इवेंट में शिरकत कर रहे हैं। इस प्रोगाम में बतौर मॉडल मान्या सैनी, कनिष्का, पूनम कुमावत, सलोनी योगी, प्रियांशी टाक, वंशिका जैन, रिद्धि माहेश्वरी, मोनिका जैन, टीना नामा ने शिरकत कर इवेंट की शोभा बढ़ाई। इस खास कार्यक्रम को और रोचक बनाने के लिए मशहूर रेडियो आर्टिस्ट रोहित अपनी होस्टिंग से सभी को मंत्रमुग्ध और एंटरटेन कर रहे हैं।

## गरबा रास रंग-2 के पोस्टर का हुआ विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** शारदीय नवरात्रि में हर ओर डांडिया और गरबा की धूम है और कस्बा रींगस भी इससे अछूता नहीं है कस्बे में जगह जगह डांडिया नाइट का आयोजन हो रहा है। इसी श्रृंखला में फेंटास्टिक डांस एंड इवेंट्स चौमू और बालाजी स्पोर्ट्स क्लब रींगस के संयुक्त तत्वाधान में 29 सितम्बर को कस्बे के गोविन्द बंशी गार्डन में डांडिया नाइट गरबा रास रंग -2 का भव्य आयोजन होने जा रहा है जिसके पोस्टर का विमोचन एस डी एम बृजेश गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, थानाधिकारी सुरेश कुमार,शिक्षाविद् प्रदीप कुमार शर्मा, आर्यन मॉडल स्कूल के संरक्षक उदय भान धींगरा एवं मल्लिका खत्री, सी सी ए शिक्षण संस्थान के सचिव अजय सक्सेना, डॉ भंवर सिंह ताखर, एच आर फाइनेंस के हंसराज बिजारणियां, बिजारणियां एंटरप्राइजेज के झाबर सिंह बिजारणियां ,प्रकाश बिजारणियां एवं रोहिताश बीजारणीया ,जे डी हॉस्पिटल के डॉ आर एस जाखड़ एवं दीपक कुमावत, मेट्रिक्स क्लासेज के सुरेन्द्र यादव, रिद्धिका फर्नीचर्स के नरेंद्र एचरा, एक्सीलेंस एकेडमी की निदेशिका आरती प्रबल शर्मा, स्टैण्डर्ड स्वीट्स के पवन शर्मा एवं सुरेश शर्मा, गोविंदम रेस्टोरेंट के विक्रम सिंह ने किया।

## आज से होगा तीन दिवसीय एसकेजे ज्वेलर्स डांडिया महारास 2025 का रंगारंग आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में सोमवार से वैशाली नगर स्थित जानकी पैराडाइज में तीन दिवसीय डांडिया महारास 2025 की एसकेजे ज्वेलर्स डांडिया महारास 2025 की शुरुआत होने जा रही है। हर बार की तरह इस बार भी इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में गजब का उत्साह और क्रेज नजर आ रहा है।

एसकेजे ज्वेलर्स डांडिया महारास 2025 के संरक्षक एवं पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री महेंद्र यादव और आयोजक पवन टांक ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन एक बार फिर से डांडिया महारास दिल से स्लोगन के साथ में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें माँ दुर्गा के भव्य दरबार के साथ साथ लगातार तीन दिनों तक डांडिया की खनक, गरबा की धूम एवं म्यूजिक की मस्ती के साथ डांडिया लवर्स के लिए बहुत कुछ खास हो रहा है। इवेंट की कोरियोग्राफी नटराज डांस एकेडमी से सुनीता राज वर्मा द्वारा की जा रही है।

उन्होंने आगे बताया कि मां अम्बे की आराधना, नारी शक्ति और सम्मान को समर्पित इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में स्वामी कमलेश महाराज, पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ, महंत हाथोज धाम बालमुकुंडाचार्य, कैबिनेट मंत्री व विधायक झोटवाड़ा राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शिरकत करेंगे। इसके साथ ही मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम की मॉडल्स अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। प्रत्येक दिन प्रतिभागियों को लकी ड्रॉ के जरिए आकर्षक उपहार दिए जाएंगे।

## डॉ. शौकत अली अंसारी और डॉ. आज़म बेग की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ राष्ट्रीय यूनानी सेमिनार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में रविवार को आयोजित एक दिवसीय यूनानी राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में 101 यूनानी चिकित्सकों को प्रतिष्ठित हकीम अब्दुल हमीद अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ओएसडी मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार श्री गोविंद पारीक और कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि, जे एल एन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक निदेशक डॉ. आजम बैग के हाथों प्रदान किए गए। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन डॉ. अता-उर-रहमान ने कुरान की तिलावत से किया। इस दौरान सेमिनार के कन्वीनर डॉ. फरहत अली ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। कॉन्फ्रेंस में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विनोद पारीख, डॉ. मनमोहन खींची, डॉ. हरनाथ सिंह गोरा, और प्रो. शोएब आजमी ने शिरकत की। कॉन्फ्रेंस में डॉ. मोहम्मद अकमल ने मस्कुलर डिजीज पर व्याख्यान देते हुए जोड़ों के दर्द से राहत के लिए आहार और जीवनशैली में बदलाव की बात कही। उन्होंने पर्याप्त आराम और शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान देने की सलाह दी। वहीं, डॉ. सरफराज अहमद ने त्वचा रोगों के उपचार में यूनानी पद्धति की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला, जिसमें उन्होंने ठंडी तासीर वाली चीजों के सेवन की सलाह दी।कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. शौकत अली अंसारी ने कहा कि हकीम अब्दुल हमीद की जयंती के अवसर पर यह पुरस्कार उन चिकित्सकों को प्रदान किए जाते हैं जिन्होंने यूनानी चिकित्सा में उत्कृष्ट योगदान दिया है। पुरस्कार की श्रेणी और मानदंडों के आधार पर, डॉ. मोहम्मद रोशन, डॉ. अमजद अली और डॉ. शाइनी जुल्फकार को स्वर्ण प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान के लिए पुरस्कार प्राप्त करने वालों में डॉ. मोहम्मद अकमल और डॉ. सरफराज अहमद शामिल हैं। इसके साथ ही, अन्य 101 यूनानी चिकित्सकों को हकीम अब्दुल हमीद उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 से नवाजा गया।कार्यक्रम के अंत में, डॉ. मक़बूल अहमद ने आयोजकों, वक्ताओं और उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आफताब नकवी ने किया। यह आयोजन न केवल यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के लिए एक मंच था, बल्कि इसने चिकित्सा समुदाय के बीच सहयोग और अनुभव साझा करने का एक अद्भुत अवसर भी प्रदान किया।

## यूथ ग्रुप द्वारा एलबीएस कॉलोनी में गरबा महोत्सव, उत्साह से झूमे युवक-युवतियां

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स)।** स्थानीय एलबीएस कॉलोनी में यूथ ग्रुप की ओर से गरबा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है।

कार्यक्रम में युवक-युवतियों ने पारंपरिक परिधानों में गरबा नृत्य कर समा बांध रहे है तो वहीं छोटे बच्चों ने भी रंग-बिरंगी पोशाकों में डांडिया का खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उर्मिला देवी सुरोलिया रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि जे.पी. कंकरालिया, मुकेश गेनोलिया, देवकीनंदन सैनी, सीमा शर्मा और किशोर खारडिया उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने माँ जगदम्बा के दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्य अतिथि उर्मिला सुरोलिया ने कहा कि युवाओं का जोश और उत्साह समाज की ऊर्जा है और ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराएँ और मजबूत होती हैं। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी जे.पी. कंकरालिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गरबा महोत्सव हमें एकता और सामूहिक आनंद का संदेश देता है और युवाओं का सहयोग ही क्षेत्र की प्रगति का आधार है। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद मुकेश गेनोलिया ओर किशोर खारडिया ने कहा कि समाज में खुशहाली और भाईचारे का प्रतीक है यह उत्सव और युवाओं की भागीदारी से यह और भी रंगीन बनता है। यूथ ग्रुप फुलेरा की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के देवराज वर्मा और दिनेश नायक ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और आयोजन की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## स्नेप चैट पर हुई दोस्ती ,प्रेमी ने मिलने का झांसा दे कोटा से बुलाया जयपुर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रामनगरिया थाना इलाके में स्नेप चैट ऐप पर एक युवती से दोस्ती कर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडित़ा के बयानों के आधार पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि कोटा की रहने वाली 23 वर्षीय युवती का आरोप कुछ समय पहले स्नेप चैट के माध्यम से आरोपी युवक से दोस्ती हुई थी। जिसके बाद एक दूसरे के मोबाइल फोन पर बातचीत होने लगी। आरोपी युवक ने युवती पर मिलने का दबाव बनाया। 17 सितम्बर को युवती कोटा से जयपुर आई और आरोपी युवक से मिली। आरोपी युवक उसे रामनगरिया स्थित अपने फ्लैट पर ले गया । वहां पर आरोपी युवक ने पीडित़ा से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी युवक ने युवती को शादी करने का झांसा दिया। लेकिन बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। जिसके बाद पीडित़ा को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उसने थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस आरोपी की तलाश करने में जुटी है।

**जयपुर में यूनानी राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस**

## 101 यूनानी चिकित्सक सम्मानित, हकीम अब्दुल हमीद अवार्ड वितरित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** यूनानी चिकित्सा पद्धति को समय की जरूरतों के मुताबिक रिसर्च और नई तकनीक से जोडऩे की अपील करते हुए डॉक्टर मकबूल ने कहा कि विभागीय सीनियरिटी के आधार पर ही निदेशक की नियुक्ति होनी चाहिए। हमदर्द विश्वविद्यालय के संस्थापक हकीम अब्दुल हमीद की जयंती पर रविवार को जयपुर में एक दिवसीय यूनानी राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। इस मौके पर 101 यूनानी चिकित्सकों को हकीम अब्दुल हमीद अवार्ड 2025 से नवाजा गया। मुख्य अतिथि जेएलएन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. आजम बैग और मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. गोविंद पारीक ने डॉक्टर शौकत अली के साथ मिलकर अवार्ड वितरित किए।कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। कन्वीनर डॉ. फरहत अली ने स्वागत भाषण दिया। सेमिनार में डॉ. मोहम्मद अकमल ने मस्कुलर डिजीज पर और डॉ. सरफराज अहमद ने स्किन डिजीज पर अपने विचार रखे। सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मोहम्मद रोशन, डॉ. अमजद अली और डॉ. शाइनी जुल्फिकार को गोल्ड एप्रिसिएशन अवार्ड दिया गया। वहीं, डॉ. अकमल और डॉ. सरफराज अहमद को शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. शौकत अली अंसारी ने कहा कि हकीम अब्दुल हमीद की स्मृति में हर वर्ष यह पुरस्कार उन चिकित्सकों को दिया जाता है जिन्होंने यूनानी चिकित्सा और शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य किया है। अंत में संयोजक डॉ. मकबूल अहमद ने सभी अतिथियों और चिकित्सकों का आभार जताया।

## सम्पादकीय

# अमेरिका से सतर्क रहने का समय, अंदरूनी ताकतों से भी रहना होगा सावधान

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से विश्व की राजनीति में उथलपुथल बढ़ी है। एक समय जो अमेरिका आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान के प्रति कड़ाई बरतता था, वही आज उसकी पीठ थपथपा रहा है। अपने पिछले कार्यकाल में ट्रंप ने पाकिस्तान को आतंकियों को शरण देने और अमेरिका को धोखा देने वाला कहा था, पर अब वे उसकी पैरवी कर रहे हैं और भारत की न केवल उपेक्षा कर रहे हैं, बल्कि उसके हितों के खिलाफ काम भी कर रहे हैं। ट्रंप ने आपरेशन सिंदूर के बाद से ही भारत विरोधी रवैया अपना रखा है। पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई पर यह कहा कि उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध रोकने का काम किया और फिर भारतीय हितों के खिलाफ काम करने में जुट गए। भारत ने पहलगाम के जिस आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की थी, उसमें 26 लोगों को उनका मजहब पूछकर मारा जाना महज एक बर्बर आतंकी हमला नहीं था। यह भारत को अशांति में झोंकने की एक बड़ी साजिश थी। इस आतंकी हमले के एक हफ्ते के अंदर ट्रंप परिवार की कंपनी ने पाकिस्तान से क्रिप्टो करेंसी का समझौता किया। आपरेशन सिंदूर के बाद उन्होंने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को अमेरिका बुलाकर उनकी प्रशंसा के पुल बांधे। वे यह भूल गए कि पाकिस्तानी सेना ने ही 9/11 हमले की साजिश रचने वाले अलकायदा सरगना लादेन को शरण दे रखी थी। उन्होंने यह भी भुला दिया कि पाकिस्तान ने किस तरह अफगानिस्तान में अमेरिकी सेनाओं के खिलाफ काम किया और उससे पैसे लेकर तालिबान की मदद की। पिछले दिनों ट्रंप ने आसिम मुनीर के साथ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भी आवभगत की। उन्होंने दोनों को ग्रेट बताया और वह भी इन खबरों के बीच कि पाकिस्तानी सेना ने किस तरह अपने निर्दोष-निहत्थे लोगों पर बम बरसाए। ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिका के आगे अन्य किसी देश को कुछ नहीं समझ रहे हैं। उनका रवैया यह बताता है कि वह अमेरिका के समक्ष अन्य किसी देश को सशक्त होते हुए नहीं देखना चाहते। वे चीन के प्रति इसलिए हमलावर हैं, क्योंकि वह कई देशों को अपने प्रभाव में ले चुका है और अमेरिका के खिलाफ एक धुरी बन गया है। चूंकि भारत का भी पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय कद बढ़ा है, इसलिए ट्रंप उसे भी एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं। ऐसा लगता है कि चीन के बाद भारत का उभार और प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक नेता की छवि और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की उनकी मुहिम ट्रंप के साथ अमेरिकी डीप स्टेट के लिए चिंता का विषय बन गई है। अमेरिकी डीप स्टेट के लिए यह जरूरी नहीं कि उसके राष्ट्रपति का सोच उससे मेल खाता हो। वह अपने एजेंडे के हिसाब से काम करता ही रहता है। वह जिस भी देश के उभार को अपने लिए चुनौती मानता है, उसके समक्ष परेशानियां खड़ी करता है। कई बार इसकी शुरुआत उसके पड़ोसी देशों में प्रतिकूल वातावरण बनाकर की जाती है। इसे अनदेखा न किया जाए कि भारत के पड़ोस में पहले बांग्लादेश को अस्थिर किया गया और नई दिल्ली से मित्रवत संबंध रखने वाली शेख हसीना को सत्ता से बाहर किया गया और फिर नेपाल में भी अशांति पैदा की गई। दोनों ही देशों के घटनाक्रम के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ देखा गया। ट्रंप का रवैया इसलिए भारत की चिंता बढ़ाने वाला है, क्योंकि उन्होंने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ थोपने के बाद उस एच-1 बी वीजा फीस में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी, जिसके सबसे अधिक लाभार्थी भारतीय पेशेवर हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 29 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1650 - इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई।
- 1789 - अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थायी सेना स्थापित की।
- 1836 - मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई।
- 1911 - इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- 1915 - टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया।
- 1927 - अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई।
- 1959 - आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।
- 1962 - कोलकाता में बिड़ला तारामंडल खुला।
- 1971 - बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान से करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई।
- 1977 - सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत 6 को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया।
- 1970 - मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्दुल नासिर का निधन।
- 2000 - चीन की मुन्चोनाक कोयला खान में 100 लोगों की मृत्यु।
- 2001 - संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी अमेरिकी प्रस्ताव पारित किया।
- 2002 - बुसान में 14वें एशियाई खेलों का उद्‌घाटन।
- 2003 - ईरान ने यूरेनियम परिशोधन कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय लिया।
- 2006 - विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष पर्यटक ईरानी मूल की अमेरिका नागरिक अनुशेह अंसारी पृथ्वी पर सकुशल लौटीं।
- 2009 - अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी फेडरेशन की ताजा रैंकिंग में बिजेन्दर को 75 किग्रा0 में 2700 अंकों के साथ में पहला स्थान दिया गया।
- 29 सितंबर को जन्मे व्यक्ति
- 1947 - एस. एच. कपाडिय़ा - भारत के 38वें मुख्य न्यायाधीश थे।
- 1944 - मीना काकोदकर - कोंकणी भाषा की जानी-मानी लेखिकाओं में से एक हैं।

## विशेष आलेख

# शहर की स्मार्टनेस का पैमाना- तकनीक या इंसानियत?



प्रो. आरके जैन

शहर केवल पत्थर, कंक्रीट और चमकते ढांचों का समूह नहीं, बल्कि उन लाखों लोगों की कहानियों, सपनों और संवेदनाओं का जीवंत कैनवास हैं, जो उन्हें सांस देते हैं। आज जब शहरीकरण को तकनीकी प्रगति और स्मार्ट सिटी की चकाचौंध से जोड़ा जा रहा है, तब यह सवाल और भी ज़ोर पकड़ता है—क्या हम तकनीक की इस अंधी दौड़ में मानव जीवन की बुनियादी ज़रूरतों और भावनाओं को नजऱअंदाज़ कर रहे हैं? स्मार्ट सिटी का भव्य सपना और संवेदनशील शहर का मानवीय विचार एक-दूसरे के आमने-सामने हैं। यह टकराव हमें मजबूर करता है कि हम अपने शहरों की दिशा तय करें—क्या सिफऱ् तकनीकी चमक की ओर, या उस जगह की ओर जहाँ हर इंसान की गरिमा, ज़रूरतें और सपने साकार हों?

स्मार्ट सिटी की परिकल्पना तकनीक को शहर का हृदय बनाती है। सेंसर-आधारित ट्रैफिक प्रबंधन, डिजिटल परिवहन ऐप्स, स्मार्ट कचरा प्रबंधन, सौर ऊर्जा और चौबीसों घंटे उपलब्ध ई-गवर्नेंस—यह सब सुनने में जादुई लगता है। कौन नहीं चाहेगा कि ट्रैफिक जाम इतिहास हो, सरकारी सेवाएँ एक क्लिक पर मिलें, और शहर डेटा की लय पर चले? यह मॉडल मध्यवर्ग और उच्चवर्ग के लिए ख़ासा आकर्षक है, क्योंकि यह उनकी ज़रूरतों—तेज़ इंटरनेट, आधुनिक परिवहन, सुगम प्रशासन—को प्राथमिकता देता है। मगर सवाल यह है—क्या यह स्मार्टनेस सबके लिए है?

जब स्मार्ट सिटी की गहराई में झाँकते हैं, तो असहज सच्चाइयाँ उभरती हैं। भारत जैसे देश में, जहाँ शहरी आबादी का बड़ा हिस्सा झुग्गी-झोपडिय़ों में गुजऱ-बसर करता है, वहाँ स्मार्ट सिटी की चमक कितनी मायने रखती है? स्वच्छ पानी, बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएँ और सुरक्षित आवास आज भी लाखों लोगों के लिए दूर का सपना हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में अरबों रुपये डिजिटल सर्वे, डेटा कलेक्शन और हाई-टेक ढांचों पर खर्च हो रहे हैं, लेकिन झुग्गियों में रहने वालों की जिंद़गी को बेहतर करने की गंभीर कोशिशें नदारद हैं। मिसाल के तौर पर, स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम कचरे को ट्रैक कर सकता है, मगर जब वही कचरा गरीब बस्तियों के पास ढेर होता है, तो वहाँ के लोगों की तकलीफ़ें तकनीक से नहीं सुलझतीं।

स्मार्ट सिटी की योजनाएँ अक्सर एक ख़ास तबके की ज़रूरतों को केंद्र में रखती हैं। चौड़ी सडक़ें, गगनचुंबी इमारतें और हाई-स्पीड इंटरनेट मध्यवर्ग और उच्चवर्ग के लिए सुकूनदायी हैं, लेकिन फुटपाथ पर सामान बेचने वाला या दिहाड़ी मज़दूर इन योजनाओं में कहाँ ठहरता है? स्मार्ट सिटी के नक्शे में इनकी जगह या तो ग़ायब है, या फिर पुनर्विकास के नाम पर इन्हें उजाड़ दिया जाता है। यह विडंबना नहीं तो क्या है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर चमचमाते मॉल और मेट्रो स्टेशन तो बनते हैं, मगर सडक़ किनारे रहने वाले परिवारों के लिए न छत है, न सम्मान।

तकनीकी निगरानी का मसला भी कम गंभीर नहीं। स्मार्ट सिटी में हर कोने पर सीसीटीवी, फेस-रिकग्निशन सिस्टम और डेटा कलेक्शन का जाल फैलाया जा रहा है। सुरक्षा के लिए यह ज़रूरी हो सकता है, मगर क्या यह नागरिकों की निजता और स्वतंत्रता को ख़तरे में नहीं डालता? जब आपका हर कदम रिकॉर्ड हो, आपका डेटा इक_ा हो, तो क्या आप सचमुच आज़ाद महसूस करते हैं? स्मार्ट सिटी में इंसान एक डेटा पॉइंट बनकर रह जाता है, उसकी भावनाएँ, निजता और गरिमा गौण हो जाती हैं। यह किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए ख़तरनाक संकेत है। संवेदनशील सिटी की अवधारणा एक नया दृष्टिकोण लाती है, जहाँ शहर सिफऱ् तकनीकी चमक से नहीं, बल्कि हर नागरिक की ज़रूरतों, भावनाओं और असमानताओं को गले लगाने से परिभाषित होता है। यहाँ तकनीक साधन है, मंजिऩ नहीं। एक संवेदनशील शहर वह है जहाँ बुज़ुर्गों के लिए सुलभ फुटपाथ हों, बच्चों के लिए सुरक्षित खेल के मैदान, दिव्यांगजनों के लिए बाधा-मुक्त परिवहन, और गरीबों के लिए किफ़ायती आवास। यह वह शहर है जहाँ चौड़ी सडक़ों से ज़्यादा पेड़ों की छाँव को तरजीह दी जाए, हाई-टेक ट्रांसपोर्ट से ज़्यादा हर नागरिक की सस्ती और सुरक्षित यात्रा मायने रखे, और स्मार्ट गवर्नेंस से बढक़र नागरिकों की गरिमा व उनकी आवाज़ को महत्व मिले।

जलवायु परिवर्तन का गहराता संकट इस विमर्श को और प्रासंगिक बनाता है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में चमचमाती ग्लास की इमारतें और एयर-कंडीशनिंग का ज़ोर है, जो ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन को बढ़ाते हैं। मगर संवेदनशील दृष्टिकोण टिकाऊ वास्तुकला, हरित क्षेत्रों और स्थानीय संसाधनों को अपनाता है। क्या यह विडंबना नहीं कि स्मार्ट सिटी के नाम पर कंक्रीट के जंगल उग रहे हैं, पर नागरिकों को साँस लेने के लिए ताज़ी हवा और खुली जगहें सिकुड़ रही हैं? एक संवेदनशील शहर हरित क्षेत्रों, पैदल पथों और साइकिल ट्रैक को प्राथमिकता देता है, ताकि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों की रक्षा हो।

संवेदनशील शहरीकरण का मूल आधार है नागरिकों की सच्ची भागीदारी। स्मार्ट सिटी की नीतियाँ अक्सर ऊपर से थोपी जाती हैं, जहाँ नागरिक सिफऱ् उपभोक्ता बनकर रह जाता है। लेकिन संवेदनशील शहर में हर तबके की आवाज़ गूँजती है—रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर कॉर्पोरेट सीईओ तक, सभी की ज़रूरतें और आकांक्षाएँ बराबरी से सुनी जाती हैं। मिसाल के तौर पर, अगर कोई स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट किसी बस्ती को उजाडऩे की योजना बनाता है, तो वहाँ के निवासियों की राय और ज़रूरतों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, न कि उन्हें बेदखल करने का फऱमान।

सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण भी संवेदनशील शहर की आत्मा है। स्मार्ट सिटी के नाम पर पुरानी बस्तियाँ, बाज़ार और ऐतिहासिक इमारतें अक्सर पुनर्विकास की भेंट चढ़ जाती हैं। मगर एक संवेदनशील शहर अपनी सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक स्मृतियों को सहेजता है। यह नई तकनीक को अपनाते हुए भी अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है। उदाहरण के लिए, जयपुर की गुलाबी वास्तुकला या वाराणसी की गलियों की सांस्कृतिक जीवंतता को नष्ट करने के बजाय, तकनीक के साथ जोडक़र इन्हें और समृद्ध किया जा सकता है।

# वर्ल्ड फूड इंडिया 2025: वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण में भारत की शक्ति और मोदी सरकार का विजन



डॉ नयन प्रकाश गांधी

*मेगा फूड इवेंट के जरिए 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, दो हजार से अधिक एग्जिबिटर्स, निवेशक और नीतिगत विशेषज्ञ एक जगह जाकर संयुक्त नवाचार व पारदर्शी वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देंगे।*

वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 का आयोजन भारत को वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। इस महाकुंभ के उद्घाटन अवसर पर मोदी ने देश के किसानों, लघु उत्पादकों, महिला स्वयं सहायता समूहों और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स की भूमिका को केंद्र में रखा। पिछले एक दशक में सरकार ने 24 मेगा फूड पार्क, 22 एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर, 289 कोल्ड चेन प्रोजेक्ट और 305 प्रसंस्करण इकाइयों का विस्तार किया है, जिससे ग्रामीणों को नए रोजगार और किसानों को बेहतर मूल्य व अवसर मिले हैं। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना , 100 प्रतिशत एफडीआई की सुविधा, व नाबार्ड ,वर्ल्ड फूड इंडिया जैसे प्रयासों ने निवेश व नवाचार को नया आधार दिया है। विशेषकर महिलाओं व छोटे उत्पादकों को क्रेडिट, प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहायता देने के लिए पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइजेज योजना लागू की गई है, जिससे देश भर के लाखों ग्रामीण जुड़ रहे हैं। फूड प्रोसेसिंग ब्रांड्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना रहे हैं और भारत की कृषि विविधता - जैसे कश्मीर के केसर, हिमाचल के फल, बिहार का मखाना - हर घर तक पहुँचने लगी है। मेगा फूड इवेंट के जरिए 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, दो हजार से अधिक एग्जिबिटर्स, निवेशक और नीतिगत विशेषज्ञ एक जगह जाकर संयुक्त नवाचार व पारदर्शी वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देंगे। मैनेजमेंट विश्लेषक, पब्लिक पॉलिसी इंडस्ट्री एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि इस दृश्य के केंद्र में आत्मनिर्भर भारत, ब्रांड इंडिया, टिकाऊ विकास और रोजगार व ग्रामीण समृद्धि का सपना है जिसे वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 ज़मीन पर उतारने का मंच बना है। प्रधानमंत्री का यह विजन न केवल कृषि उत्पादकता बढ़ाने व प्रोसेसिंग कैपेसिटी में वृद्धि की बात करता है, बल्कि इसमें सतत विकास, क्लाइमेट-फ्रेंडली टेक्नोलॉजी, न्यूट्रिशन-फोकस्ड उत्पाद, और आधुनिक मार्केट इंटीग्रेशन जैसे तत्व भी शामिल हैं। सरकार सभी अंशधारकों—किसान, प्रोसेसर, टेक्नोलॉजी प्रदाता, लॉजिस्टिक्स को एक बृहद मूल्य श्रृंखला में जोडऩे की दिशा में काम कर रही है ताकि किसान की आय में वृद्धि हो, न्यूनतम नुकसान हो, और रोजग़ार के नए द्वार खुलें। भारत की फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में पिछले 11 वर्षों में अद्भुत वृद्धि हुई है।



## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



श्री सी.के.मैथ्यू
(सेवा निवृत आईएएस अधिकारी)

नमस्कार साथियों हमारी आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के शानदार अधिकारी सी.के. मैथ्यू सर। 26 जुलाई सन 1954 को केरल में जन्मे और गणतंत्र लिख ड़ाला राजस्थान का। जी हां राजस्थान में लम्बे समय बड़े और दमदार पदों पर रहे। एक ईमानदार छवि वाले शानदार अधिकारी के रूप में पुराने अधिकारी शायद उनकी कार्यशैली से परिचित होंगे। श्री सी के मैथ्यू सर के द्वारा किए गए कार्यो का आज भी याद किया जाता है। ये अध्यक्ष राजस्थान राज्य सडक़ परिवहन निगम, जयपुर रहे इससे पूर्व मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार जयपुर रहे। अपर मुख्य सचिव, सरकार, वित्त एवं नीति नियोजन राजस्थान जयपुर। प्रमुख सचिव, सरकार वित्त एवं नीति नियोजन, राजस्थान जयपुर। प्रमुख सचिव सरकार, राहत एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राजस्थान जयपुर। प्रमुख सचिव, सरकार प्रारंभिक माध्यमिक एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, जयपुर और अध्यक्ष, आरवीवीएनएल जयपुर,अजमेर और जोधपुर। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, जयपुर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एवं सरकार के प्रमुख सचिव, नीति नियोजन विभाग, राजस्थान, जयपुर। मुख्यमंत्री के सचिव प्रशासन एवं सरकार के सचिव, नीति नियोजन विभाग, राजस्थान, जयपुर। सरकार के सचिव, ऊर्जा विभाग, राजस्थान जयपुर। सरकार के सचिवए खान एवं ऊर्जा विभाग, राजस्थान जयपुर। सरकार के सचिव, जल संसाधन विभाग, राजस्थान जयपुर। आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान, जयपुर। सदस्य, रहे थे राजस्व बोर्ड, अजमेर के। अतिरिक्त कलेक्टर विकास एवं पदेन परियोजना निदेशक भी रहे। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# दिल की देखभाल के आसान तरीके

आज के समय में गलत खानपान और बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल की वजह से हर तीसरे व्यक्ति को दिल की बीमारी की शिकायत है। कब किसे हार्ट अटैक आ जाए और किसे कार्डियक अरेस्ट आ जाए पता ही नहीं चलता। ऐसे में हर साल 29 सितंबर को 'वर्ल्ड हार्ट डे' मनाया जाता है ताकि लोगों को दिल की बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा सके और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिले। दिल की बीमारियां आज दुनिया में सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक हैं, और समय पर सावधानी न बरतने पर गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं।




**वर्ल्ड हार्ट डे का इतिहास :** वर्ल्ड हार्ट डे की शुरुआत 1999 में वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन ने की थी। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में दिल की बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। हर साल यह दिन 29 सितंबर को मनाया जाता है, ताकि विश्व स्तर पर दिल की सेहत और हृदय रोगों से बचाव के महत्व को उजागर किया जा सके।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप लोगों का भरोसा जीतने में कामयाब रहेंगे। आपके मन में काम को लेकर नए विचार आएंगे, जो आपके बॉस को भी खूब पसंद आएंगे।

**वृष**

आज आपको बिजनेस की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी की आपसे किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है, जिसके कारण वह आपसे नाराज रहेंगे। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करें।

**मिथुन**

आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपको अपने जरूरी कामों की सूची बनाकर चलना होगा। व्यवसाय की योजनाएं आप थोड़ा सोच समझकर बनाएं। पार्टनरशिप में आपको एक साथ काम करने से बचना होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। रचनात्मक कार्यो में आपका काफी रुचि रहेगी, जो लोग विदेशों में व्यापार करते हैं, उन्हें कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आज आप अपना धन का कुछ हिस्सा बचत की योजना में लगाएंगे। आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्यों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आज आपका रुका हुआ धन मिलने से खुशी होगी। आप किसी नए मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने में आप थोड़ा सावधानी बरतें हैं।

**तुला**

आज आपकी इनकम बढने से आपका मन काफी खुश रहेगा और भाग्य का भी आपको पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति की भी प्राप्ति हो सकती हैं। आपके घर का कोई काम यदि अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी से रूपए पैसे से संबंधित निर्णय बहुत ही समझदारी से करें।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहने वाला है और आपकी वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी और संतान को नौकरी से संबंधित कोई बुलावा आ सकता है।

**मकर**

आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखना होगा। आपकी उलझनें रहने से आप परेशान रहेंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को जल्दबाजी में कोई काम नहीं करना है। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की योजना बना रहे थे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। दोस्तों के साथ मिलकर आप किसी बड़े काम को करने की योजना बनाएंगे, लेकिन विद्यार्थी अपने पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस बनाएं रखना होगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आप किसी दूसरे के मामले में ना बोले और आपको किसी वाद-विवाद में पडऩे से बचना होगा। किसी प्रॉपर्टी को लेकर परिवार में कहासुनी होने की संभावना है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ और फोटो वायरल करने की धमकी देने वाला आरोपी अरेस्ट



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** कोतवाली टोंक पुलिस थानाधिकारी भंवरलाल वैष्णव के नेतृत्व में टीम गठित पुलिस टीम ने बहीर क्षेत्र में नाबालिग पीडिता के साथ छेडछाड करने के मानस से पीछा करके एवं मोबाईल पर ली गई फोटूओ को वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बहीर क्षेत्र के परिवादी ने जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर प्रकरण दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी मोहम्मद यूनुस खान द्वारा नाजायज रुप से परेशान किया जाता है । स्कूल पढने जाते समय उसको छेडछाड करता है एवं अपने मोबाईल में स्टाग्राम द्वारा ली गई नाबालिग पीडिता की फोटूओ को वायरल करने की धमकिया देता है। परिवादी ने आरोपी मोहम्मद यूनुस खान को उलाहना दिया तो जाति सूचक शब्दो से अपमानित किया। पुलिस ने मामला दर्ज करके अनुसंधान राजेश कुमार आरपीएस पुलिस उप अधीक्षक वृत्ताधिकारी वृत्त टोंक द्वारा किया गया। इस मामले में पुलिस टीम गठित की गई जिसने अथक प्रयास से आरोपी मोहम्मद यूनुस खान को तलाश करके अनुसंधान अधिकारी के समक्ष लाकर पेश करने पर मुल्जिम मोहम्मद यूनुस खान उर्फ किडू पुत्र मोहम्मद अमीन खान पठान ( 18 वर्ष 5 माह )निवासी मन्दिर वाली गली बहीर थाना कोतवाली टोंक को गिरफ्तार करके पीडिता की स्टाग्राम पर ली गई फोटूऐं का इस्तेमालशुदा एक एनड्रोईड मोबाईल फोन जब्त किया गया।

## प्रथम वर्ष की छात्रा असरा बनी मिस प्रेशर




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** सदरपुरा रोड स्थित श्री लक्ष्मीबाई महिला महाविद्यालय की ओर से आयोजित प्रेशर पार्टी में प्रथम वर्ष की छात्रा असरा महाविद्यालय की मिस प्रेशर का खिताब प्राप्त किया।

महाविद्यालय निदेशक अवधेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारम्भ में महाविद्यालय की नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की मिस प्रेशर का चयन करने के लिए केटवॉक, नृत्य, गुब्बारा फोड़, प्रश्नोतरी आशू भाषण सहित इसी तरह की अन्य कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय की 60 छात्राओं ने भाग लिया। जिसके अन्त में बीएससी बीएड की प्रथम वर्ष की छात्रा असरा महाविद्यालय की मिस प्रेशर चुनी गई। वहीं रनरअप बीएबीएड प्रथम वर्ष की छात्रा मानवी गौतम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजुद जिला परिषद सदस्य रूपकला शर्मा ने मिस प्रेशर का खिताब जीतने वाली व रनरअप रही छात्राओं को ताज पहना कर व दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान महाविद्यालय परिवार के डॉ. सुनिता गौतम, डॉ. बृजेंश शर्मा, डॉ. गणेश नारायण शर्मा, रामजीलाल कुमावत, बुद्धि प्रकाश सैनी, चित्रा गौड़ख् ज्हान्वी सोनी, कैलाश जाट, मोहनलाल सैनी सहित अन्य सभी सदस्य और महाविद्यालय की सभी छात्राऐं मौजुद रही।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में शहर में कई जगह निकाला पथ संचलन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विजयादशमी महोत्सव को लेकर शहर में कई जगह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में पथ संचलन निकाला गया। खंड कार्यवाह जगदीशप्रसाद रैगर ने बताया कि आरएसएस के शताब्दी वर्ष के आयोजन को लेकर पथ संचलन निकाला गया है।

संचलन से पूर्व टीलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शिवाजी शाखा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सत्यनारायण जायसवाल रहे। मुख्य वक्ता गजानन्द शर्मा विभाग मार्ग प्रमुख का उद्बोधन रहा। खंड कार्यवाह ने बताया कि शिवाजी शाखा स्थल से पथ संचलन रवाना हुआ। संचलन शिवाजी कॉलोनी गली नंबर 5 से जमात से जयपुर रोड होते हुए शिवाजी कॉलोनी के मुख्य मार्ग से होता हुआ अंबेडकर सर्किल होकर कॉलोनी का चक्कर लगाते हुए वापस शिवाजी शाखा स्थल पर पहुंचकर विसर्जित हो गया। संचलन मार्ग में कॉलोनी वासियों ने स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा की।

पथ संचलन में घोष की धुन पर स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाते हुए चल रहे थे। सुरक्षा के लिए थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा पुलिस जवानों के साथ व्यवस्था को संभाले हुए थे। इस अवसर पर रमाकांत शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, पूरण सैनी व संजय सैनी सहित कई स्वयंसेवक मौजूद थे। इसी प्रकार रविवार की सुबह शहर के जमात क्षेत्र में भी पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन जमात क्षेत्र के मुख्य मार्ग से होकर गुजरा जिस पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शाम को दीनदयाल कॉलोनी में भी पथ संचलन निकाला गया।

### वनस्थली विद्यापीठ में विकसित भारत के संग कला के रंग कार्यक्रम का आयोजन

# हजारों छात्राओं को दी चित्रकारी कला की जानकारी, 7 हजार छात्राएं शामिल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** वनस्थली विद्यापीठ में सेवा पर्व 2025 के अंतर्गत विकसित भारत के संग कला के रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उस्ताद चित्रकार व सर्वांगीण शिल्पी पद्मश्री तिलक गीताई एवं प्रख्यात फारसी मुगल चित्रकला विशेषज्ञ पद्मश्री एस. शकीर अली रहे। कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने बताया कि वनस्थली विद्यापीठ में स्थित ऐतिहासिक ललित मंदिर में दोनों चित्रकारों ने युवा कलाकारों के साथ स्केचिंग एवं पेंटिंग कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं कला की बारीकियों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि महिला शिक्षा की अद्वितीय संस्था वनस्थली विद्यापीठ सर्वदा ही किसी न किसी क्षेत्र में विश्व कीर्तिमान स्थापित करती रही है।


वनस्थली ने देश को कई गवर्नर, स्पीकर, कारपोरेट प्रमुख अधिकारियों, पायलट अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी, प्रसिद्ध कलाकार, संगीतकार, अग्रणी प्रशासक, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को को तैयार कर समाज में कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यापीठ के पंचमुखी नवाचारमूलक शिक्षा पद्धति से ही यह संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि वनस्थली विद्यापीठ को भारतीय संघ द्वारा सेवा पर्व 2025 के तहत् भारत के चुनिंदा 9 विश्वविद्यालयों एवं राजस्थान से एकमात्र विश्वविद्यालय के रूप में चयन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यापीठ विद्यालय स्तर से लेकर विश्वविद्यालय तक की करीब 7 हजार से अधिक छात्राओं ने अपनी पंचमुखी शिक्षा प्रणाली के अनुरूप भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का अद्भुत परिचय देकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने बताया कि सायं 4.30 बजे लक्ष्मीबाई मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों को वनस्थली की पंचमुखी शिक्षा प्रणाली एवं विकसित भारत के संग कला के रंग कार्यक्रम का विस्तृत विवरण दिया गया। विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री ने अतिथियों को शॉल ओढा कर सम्मानित किया एवं कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री व कोषाध्यक्ष प्रो. सुधा शास्त्री ने स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। लक्ष्मीबाई मैदान के भव्य कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने द्वारा तैयार किए गए स्केचिंग एवं पेंटिंग्स को लेकर सम्मिलित हुई और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के राह पर चल कर विकसित भारत के रंग को कलाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में वनस्थली विद्यापीठ की हजारों प्रतिभाशाली छात्राओं ने विशिष्ट कलाकारों के साथ स्केचिंग एवं पेंटिंग्स को प्रदर्शित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## मालपुरा का दशहरा इस बार होगा आकर्षक,एक नहीं तीन पुतलो का होगा दहन

बढ़ता राजस्थान





**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा शहर में 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाला दशहरा पर्व इस बार शहरवासियो के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी व कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी हंसराज जाट ने बताया कि प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भूजल विभाग के केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशानुसार पालिका प्रशासन की ओर से दशहरा पर्व पर पुतला दहन की परम्परा के लिए रावण मेघनाथ व कुंभकरण के विशालकाय पुतले बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुतले निर्माण के लिए निविदाऐं ली जाकर न्यूनतम दर दाता को विशालकाय एवं आकर्षक तीन पुतले निर्माण के कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि दशहरा मेला मैदान केंकड़ी रोड की सफाई व्यवस्था शुरू करवा दी गई है। आगामी एक दो दिन में सम्पूर्ण मैदान की सफाई करवाई जाकर आवश्यक व्यवस्थाऐं जुटा ली जाएगी। सोनी व जाट ने यह भी बताया कि दशहरा पर्व के दिन मैला मैदान में आकर्षक मंच भी तैयार करवाया जाएगा। संवेदक द्वारा तीनो पुतलो को मैदान में रखे जाने के बाद आकर्षक एवं रंगीन आतिशबाजी की व्यवस्था भी पालिका प्रशासन की ओर से की जाएगी। गौरतलब है कि अब तक दशहरा पर्व के लिए पालिका प्रशासन की ओर से केवल रावण का पुतला बनवाया जाता था। जिसमें गत वर्ष लगभग 35 फुट ऊंचा रावण का पुतला बनवाया जाकर दहन की परम्परा का निर्वहन किया जाएगा। लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा दशहरे पर्व को ओर अधिक रोचक सुन्दर एवं आकर्षक बनाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक शाम माता रानी के नाम भजन संध्या में तडके तक जमे रहे श्रोता

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** कोली समाज टोंक द्वारा शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष में एक शाम माता रानी के नाम भजन संध्या का आयोजन श्री शिव राधा कृष्ण मंदिर अस्तल रोड छावनी टोंक में किया गया। इसमें देर रात तक श्रद्धालुओ भारी की भीड़ जमी रही और भजन संध्या के मधुर भजनों का रसपान किया गया ।

श्री कंकाली माता की झांकी की विधिवत पूजा अर्चना कंकाली माता मंदिर शक्तिपीठ के मुख्य पुजारी दुर्गा लाल पुरी द्वारा की गई। तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन शुरू किया गया चित्तौड़ से आए सिंगर संजय मारवाड़ी द्वारा गणेश वंदना का शुरुआत की, सोनेरा झांझर बाजना, घुमा दे मारा बालाजी घूमर घूमर घोटो आदि भजनों की प्रस्तुति दी गई । गायिका सावरी बाई शाहपुरा द्वारा म्हारे जगदंबा मत करो रीसनो, गुड़लेरा झांझर बाजे रे आदि भजन प्रस्तुत किया। डबल रंगीला सैनी द्वारा कंकाली माता दे दे, भेरुजी नाना नाना रे बाजे गुगरा आदि भजन प्रस्तुत किए गए ।भीलवाड़ा से आए सांवल राम वैष्णव द्वारा हनुमान जी, कृष्ण भगवान आदि की झांकी के प्रस्तुति की गई, और जादू दिखा कर दर्शकों को लोटपोट कर दिया। भवाई नृत्य लालचंद उर्फ अनु डांसर द्वारा आग पर नाच करके कांच के टुकड़ों पर नाच करके सिर पर खड़े रखकर नृत्य प्रस्तुत किया गया ।जिससे दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए और श्रोता उक्त कलाकार द्वारा किए गए प्रदर्शन से रिंझ करके तडक़े तक भारी संख्या में जमे रहे और माता रानी की भजन संध्या का आनंद लिया ।

तत्पश्चात भवानी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया ।कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिप्रसाद बेरवा, रामचरण साहू पार्षद, मनींदर लोधी, रमेश महावर पार्षद,बाबूलाल महावर सरपंच, कल्याण महावर, कालूराम टेलर , केसर लाल महावर, मोतीलाल महावर कैलाश,तेजमल, राजेश, ललित महावर,महेश, ललित कुमार नरेश, प्रदीप, ओम प्रकाश किशन लाल,बुद्धि पटेल,महेश, महावर नव युवक मंडल के सदस्य विमला महावर, अंजना,कुसुम,आरती, कन्या, गीता, डी वी और डिंपी नीतू महावर,राम बाई आदि गण मान्य नागरिकों उपस्थित रहे। भजन संध्या के सफल आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष अशोक कुमार महावर ने पुलिस व्यवस्था के लिए प्रशासन व सफाई के लिए नगर परिषद टोंक का आभार प्रकट किया,व कार्यकर्ता तथा आगंतुकों का धन्यवाद प्रकट किया।

## खुला अधिवेशन आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** आचार्य इंद्रनंदी महाराज ससंघ सान्निध्य व प्रबंध कमेटी अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वावधान में रविवार को अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी में अग्रवाल समाज चौरासी के खुला अधिवेशन का आयोजन अध्यक्ष अनिल सुराशाही की अध्यक्षता में किया गया। अधिवेशन में कोषाध्यक्ष महेंद्र जैन पराणा ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अधिवेशन में अग्रवाल सेवा सदन में चल रहे निर्माण कार्य पर चर्चा की गई तथा चौरासी क्षेत्र के सभी परिवारों को संगठन में सक्रिय करने, संगठन के संविधान संशोधन तथा ब्लॉक की संख्या बढ़ाने व क्षेत्र में होने वाले विवाह पर प्रत्येक वैवाहिक सहयोग के संकलन पर विचार विमर्श किया गया। अधिवेशन में आगामी प्रबंध कमेटी के चुनाव पर भी चर्चा की गई व समाज में फैली कुरूतियों को समाप्त करने, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तालमेल के अभाव में बढ़ते दांपत्य संबंध विच्छेद पर सुधार करने, फिजूल खर्ची, प्रीवेडिंग शूटिंग आदि समस्याओं के समाधान पर विचार विमर्श किया गया तथा अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी में वरिष्ठ जन साधना केंद्र संचालन करने तथा अग्रपथ पत्रिका का प्रकाशन करने पर चर्चा की गई। अधिवेशन में वर्षायोग समिति 2025 के परम संरक्षक गोविंद -राज जैन जर्मनी, अध्यक्ष विमल जैन पचेवर, कोषाध्यक्ष प्रसन्न कुमार जैन, पूर्व प्रधान फागी सुकुमार झण्डा, अग्रवाल समाज चौरासी के मुख्य संरक्षक हुकमचंद जैन, अध्यक्ष अनिल सुराशाही, मंत्री विनोद कुमार जैन नेवटा, कोषाध्यक्ष महेंद्र जैन पराणा, महामंत्री गोविंद नारायण जैन, महावीर प्रसाद गोयल, प्रकाश चंद जैन, कजोड़मल जैन, मनीष जैन टोरडी, उपाध्यक्ष पवन जैन फागी, सीए दिनेश जैन, गणेश जैन लाम्बा, महिला परिषद् अध्यक्ष इन्दू मित्तल केकड़ी, युवा परिषद् अध्यक्ष संजय संघी टोंक, ब्लॉक अध्यक्ष मालपुरा पदमचंद कंसल, मिलाप चंद जैन किशनगढ़ सहित फागी, जयपुर, उनियारा, लावा, मालपुरा, डिग्गी, पीपलू, झिराना, निवाई, टोंक, भीलवाड़ा, केकड़ी, माधोराजपुरा, टोडारायसिंह, देवली सहित कई स्थानों के जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग भवन में लगा चैतन्य देवियों का दरबार

# आंतरिक शक्तियों को जागृत करने का उत्सव है, नवरात्रि- बीके अपर्णा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक के राजयोग भवन में नवरात्रि महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चैतन्य देवियों को श्रृंगार करके सजाया गया। यह चैतन्य देवियां कोई और नहीं बल्कि परमात्म ज्ञान व राजयोग से अपना जीवन पवित्र बनाकर संयम के मार्ग पर चलने वाली ब्रह्माकुमारी बहने है जिन्होंने परमपिता परमात्मा शिव को पति के रूप में स्वीकार कर अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित किया है। विश्व कल्याण के निमित बनी इन बहनों को जब गले में पुष्पमाला साथ लाल चुन्दड़ी ओढ़ाई गई तो गया तो उनके पवित्र वाइब्रेशन से वातावरण सकारात्मक शक्तियों से भरपूर हो गया।

सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा ने नवरात्रि की शुभकामना देते हुए कहा कि परमात्मा शिव से अपने मन के तार जोड़ कर स्वयं की शक्तियों को जागृत करने का यादगार है, नवरात्रि। इन शक्तियों से हम वर्तमान समय की हर परिस्थिति पर विजय पा सकते हैं ।उन्होंने कहा कि माताओ के अनेक रूप है एक तरफ वह स्नेह और वात्सल्य की धनी है तो दूसरी ओर असुरसंहारनी है, तो वहीं ममता की मूरत भी है। वास्तव में नारियां अपने संस्कारों को श्रेष्ठ बना ले तो स्वर्ग का द्वार खोलने वाली चैतन्य देवियां बन सकती है।

पुरानी टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ऋतु ने नवरात्रि का अध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि नवरात्रि पर हम देवी दुर्गा मां के नौ स्वरूपों की आराधना करते है जिनके हाथों में अस्त्र शस्त्र और चरणों में असुरों ,दानवों को दिखाते है। वास्तव देवी दुर्गा मां पवित्रता व दिव्यता का प्रतीक है जो परमात्म ज्ञान की गदा व योग की शक्ति से मंशा वाचा कर्मणा रूपी त्रिशूल से अपने दुर्गुणों और विषय विकारों रूपी राक्षसों का वध करती है।

बनेठा सेवा केंद्र प्रभारी बीके अनीता ने कहा नवरात्रि, नारी कर्तव्य का यादगार पर्व है वास्तव में हर नारी पूजनीय, वंदनीय और शक्तियों से भरपूर है। परंतु आज इस दुनिया के मायावी आकर्षण में आकर सब शक्तियां खो चुकी हैं, इसलिए अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हैं परन्तु अब नारियों को परमात्म ज्ञान योग की धारणा कर स्वयं की शक्तियों को जागृत करने का समय है,यही समय हे जब हम स्वयं को सर्वगुण, सर्व कलाओं व विशेषताओं से भरपूर कर स्वयं के साथ-साथ सारे विश्व का कल्याण कर सकते है।

कार्यक्रम में चौथ का बरवाड़ा सेवा केंद्र प्रभारी बीके बीना ,निवाई सेवा केंद्र प्रभारी बीके रेखा , बीके सुनीता ,बीके गुंजन ,रानोली सेवा केंद्र प्रभारी बीके सोभा व सेवा केन्द्र से जुड़े भाई बहने मौजूद थे।

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह 29 सितम्बर को, होगा गौ-महोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीर्ज मौर्य)।** उपखंड क्षेत्र के गाँव महणपुर स्थित श्री कृष्ण गौशाला समिति के तत्वाधान में 29 सितम्बर 2025 सोमवार को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गौ-महोत्सव और विशाल भण्डारे का भी आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष पूर्व सरपंच रतीराम गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमआरडीएस ग्रुप के चेयरमैन महान दानवीर मातादीन पनीहार होंगे और कार्यक्रम के संयोजक फूटा जोहड़ धाम आश्रम के आचार्य बलराम दास महाराज होंगे। कार्यक्रम का शुभारम्भ लोयती स्थित देव महाराज आश्रम से प्रातः 8.15 बजे होगा। पूजा अर्चना के बाद शिव परिवार का नगर भ्रमण होगा और महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 10.15 बजे आयोजित होगा। इसके बाद 11.15 बजे विशाल भण्डारे और नेहड़ा का आयोजन होगा। रात्रि 9.15 बजे कवि सम्मेलन और शिवजी का ब्यावला होगा। नगर भ्रमण के दौरान हाथी, घोड़ा बग्गी और अन्य सांस्कृतिक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। मुख्य अतिथि मातादीन पनीहार को हाथी पर बिठाया जाएगा। समिति के पदाधिकारी और ग्रामीणों ने आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर गौमाताओं का आशीर्वाद प्राप्त करें और भण्डारे में प्रसादी लें।

## वन राज्यमंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने अपने निवास 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करे निर्देश दिये। वन राज्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई में आए पेयजल, विद्युत, सडक, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फरियादियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति तक के पात्रा व्यक्ति के कल्याण हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिनका जागरूक रहकर न केवल स्वयं लाभ उठाएं बल्कि अन्य पात्रा व्यक्तियों को भी इन योजनाओं के प्रति जागरूक कर लाभांवित करावे।

## सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 50 होने पर प्रदेशवासियों को दी बधाई



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने सरिस्का टाइगर रिजर्व के करणी माता मंदिर के पास बफर क्षेत्र में बाघिन एसटी-2302 को अपने दो शावकों के साथ कैमरा ट्रैप होने से सरिस्का टाइगर रिजर्व क्षेत्रा में टाइगरों की संख्या 50 होने पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। वन राज्य मंत्री शर्मा ने बताया कि विगत दिनों वन क्षेत्रा के बाघ परियोजना सरिस्का के बफर रेंज में बाघिन एसटी-2302 ने शावक को जन्म दिया था। कैमरा ट्रैप में बाघिन के साथ एक शावक की तस्वीर कैद हुई थी तथा करणी माता वन क्षेत्रा में अब एसटी-2302 के साथ दूसरा शावक भी देखा गया है। इससे अब सरिस्का टाइगर रिजर्व में टाइगरों की संख्या 50 हो गई जो टाइगरों की बढती संख्या के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की है कि वे इस क्षेत्रा में अनावश्यक आवाजाही, शोर और भीड़भाड़ से बचें।

## रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने किए फल व ड्राई फ्रूट्स वितरित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए रविवार को रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने सरकारी गीतानंद शिशु चिकित्सालय में माताओं को बादाम, किशमिश, मखाने, सेव और केले वितरित किए। रोटरी क्लब अलवर सचिव ऋषि मित्तल ने बताया कि यह पहल मातृ व शिशु स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित है, जो रोटरी इंटरनेशनल के सामुदायिक कल्याण के लक्ष्य के अनुरूप है। प्रोटीन समर्थन प्रदान करने से सुरक्षित मातृत्व और शिशु के स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा । सर्विस प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुनील गुप्ता ने बताया की रोटरी की यह पहल माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए समर्पित है व रोटरी क्लब अलवर हर माह इसी तरह माताओं को पोषण के लिए फल व ड्राई फ्रूट वितरित करेगा। असिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, वैशाली जसोरिया, डॉ भूपेंद्र गुप्ता, बबीता अग्रवाल ,अनु मित्तल उपस्थित रहे ।

### सैकड़ों लोगों को पहुँचा चुके हैं उनके सही ठिकाने पर

# एसपी सुधीर चौधरी एक्शन में, ऑपरेशन साईबर संग्राम में ताबडतोड़ कार्वाही

बढ़ता राजस्थान






**अलवर (रूपक शर्मा)।** साईबर ठगों को कमीशन पर बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले एवं उसको आगे देने वाले और जो राषि सेव एकाउन्ट में आ जाती थी उसका निस्तारण करने वाले आरोपियों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। आरोपीयो के संदिग्ध बैक खातों में करोड़ो रूपयों की साईबर फ्रॉड की राशि का खुलासा लगातार जारी है।

आईपीएस सुधीर चौधरी 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं वे मूल रूप से सीकर के रहने वाले हैं और इस समय अलवर पुलिस कप्तान के रूप में अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं । इससे पहले सुधीर चौधरी राजसमंद,सवाई माधोपुर, एसीबी कोटा व जैसलमेर एसपी रह चुके हैं। सुधीर चौधरी ने अलवर एसपी शिप ज्वाइन करते ही साइबर संग्राम नाम से एक अभियान चलाया जिसमें साइबर फ्रॉड करने वाले अपराधियों पर ताबड़तोड़ घर पकड़ अभियान चलाते हुए लगातार साइबर फ्रॉड के मामलों का खुलासा किया और अपराधियों को उनके सही स्थान पर पहुंचाया। अलवर मेवात क्षेत्र में काफी तेजी से साइबर फ्रॉड के मामले बढ़ रहे थे ऐसे में जहां आम जनता को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया वहीं दूसरी तरफ अपराधियों पर नकेल भी कसी। ऐसे में अभी तक सैकड़ो की संख्या में साइबर फ्रॉड करने वाले लोगों को उनके सही ठिकाने पर पहुंच चुके हैं। कम समय में बेहतरीन पुलिसिंग करते हुए अपनी टीम के साथ साइबर फ्रॉड पर अंकुश लगाते हुए की गई उनकी कार्यवाही सच में अलवर जिले में मिल का पत्थर साबित हो रही है सुधीर चौधरी जिन्होंने अपने कार्यों से कई मामलों में न सिर्फ सफलता हासिल की बल्कि पुलिस का इकबाल भी बुलंद किया है। इससे पहले जैसलमेर एसपी शिप के दौरान सेना के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर में एक बेहतरीन पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई ,ऐसे में उन्हें भारतीय सेना द्वारा सम्मानित भी किया गया। क्रिप्टोकरंसी और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी पर भी उन्होंने 2023 में क्राउड कंट्रोल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर एक शोध पत्र बनाए और इसे डीजीपी उत्तर प्रदेश के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने क्रिप्टो करेंसी और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी पर भी शोध पत्र लिखा उन्होंने भारतीय इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित कन्फेशन और रिकवरी विषय पर कॉन्फ्रेंस में भाग लिया।

इसके अलावा राजस्थान ज्यूडिशल अकेडमी में आयोजित कार्यशाला में साइबर क्राइम पर भी व्याख्यान दे चुके है। सुधीर चौधरी का योगदान सिर्फ पुलिस सेवा में ही सीमित नहीं बल्कि उन्होंने समाज के विकास के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए हैं । सुधीर चौधरी के अभी तक के कार्यकाल में राजसमंद में तैनाती के दौरान उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों को महज 5 घंटे में न सिर्फ गिरफ्तार करने में सफलता पाई बल्कि गिरफ्तारी के बाद सबूत एकत्र कर आरोपियों के पाकिस्तान कनेक्शन को भी चंद्र दिनों में साबित कर दिया जिस पर सुधीर चौधरी को पुलिस मुख्यालय ने डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया था। एक शानदार पुलिस ऑफिसर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन नागरिक की भूमिका भी अदा कर रहे हैं , साइबर फ्रॉड पर धीरे-धीरे लगाम लग रही है और चंद्र दिनों में साइबर फ्रॉड जैसे मामले छोडकर अपराधी पलायन कर जाएंगे ऐसी हम आशा करते हैं लगातार साइबर फ्रॉड पर नकेल करते हुए उनकी टीम रोज नित नए खुलासे कर रही हैं ।

इधर सुधीर चौधरी ने लोगों से भी आवाहन किया है कि वे जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक करें किसी भी प्रकार से साइबर फ्रॉड से ठगी होने से बचें।

## सैनी समाज का तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 02 नवंबर को




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीर्ज मौर्य)।** कोटपूतली में 02 नवंबर 2025 को सैनी समाज का तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए समाज में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समाज के अध्यक्ष रामकुमार सैनी ने बताया कि बानसूर और रामपुर क्षेत्र में अधिक से अधिक युवक और युवतियों के पंजीकरण के लिए संपर्क किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक जोड़े विवाह के बंधन में बंध सकें।

समिति के उपाध्यक्ष उदय तोंदवाल ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से विवाहों में होने वाली फिजूलखर्ची को रोका जा सकेगा। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों का माला-साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कुलदीप सैनी (प्रदेश सचिव, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा), गोवर्धन सैनी (जिला उपाध्यक्ष), ताराचंद सैनी (संरक्षक), सुरेश सैनी (पूर्व अध्यक्ष सैनी समाज बानसूर), मोहनलाल सैनी (अध्यक्ष रामपुर), रामवतार सैनी, रामनिवास सैनी, सुभाष सैनी, पत्रकार सुरेश कुमार सैनी, बृजेश सैनी और अन्य गणमान्य व्यक्ति।

कोटपूतली से आए कार्यकारिणी सदस्य रामसिंह सैनी (अध्यक्ष), प्रकाश तोदवाल (उपाध्यक्ष), योगेश सैनी (सचिव), नरेश सैनी के साथ विवाह समिति के सचिव विजय सैनी, संरक्षक राकेश सैनी और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कार्यवाही: साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन साइबर संग्राम के तहत साइबर ठगों को कमीशन पर बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह फर्जी म्यूचुअल फंड और ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए साइबर फ्रॉड करता था।थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि अलवर साइकलोन सैल से प्राप्त सूचना के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब एंड सिंध बैंक के दो खातों में कुल 2 करोड़ 6 लाख रुपये का संदिग्ध लेन-देन पाया गया। इन खातों का उपयोग ऑनलाइन स्कैम फंड के लिए किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि खाता धारक प्रिया मीना और सोनिया मीना ने 20-20 हजार रुपये में खाते खरीदकर आरोपियों कपिल सिंह, मृदुल कुमार और अनिल सिंह को सौंपे, जिनका उपयोग ऑनलाइन ट्रेडिंग और गेम एप के माध्यम से धोखाधड़ी में किया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से चैक बुक, लैपटॉप, हिसाब डायरी, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल फोन जब्त किए। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी भोले-भाले लोगों से खाते लेकर उन्हें आगे भेजते थे और कपिल, मृदुल व अनिल उनके पैसों को एटीएम से निकालकर कमीशन के रूप में स्ष्ठञ्ज में भुगतान करते थे।

**गिरफ्तार किए गए आरोपी हैं:** सोनिया मीना, प्रिया मीना, अनिल मीना, संजय कुमार, कपिल कुमार, मृदुल कुमार और अनिल सिंह। पुलिस ने बताया कि विस्तृत अनुसंधान अभी भी जारी है।

## दा डम्ब वेटर का भारतीय रूपान्तरण दिल्ली की नाट्य संस्था द्वारा प्रस्तुत

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। भरतमुनि थियेटर फेस्टिवल - 2025 ''डम्ब वेटर'' नाटक में आधुनिकता पर प्रहार करते संवादो ने दर्षको को जमकर हंसाया आशा फाउंडेशन ट्रस्ट अलवर एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय भरतमुनि थियेटर फेस्टिवल 2025 में दूसरे दिन अलवर जेल चौराहे स्थित महावर ऑडिटोरियम में ब्रिटिश नाटककार हैरॉल्ड पिंटर की चर्चित एकांकी - दा डम्ब वेटर का भारतीय रूपान्तरण दिल्ली की नाट्य संस्था द्वारा प्रस्तुत किया गया। आशा फाउंडेशन ट्रस्ट अलवर की अध्यक्ष आश गुप्ता ने बताया कि एब्सर्ड थिएटर शैली पर आधारित इस नाटक में प्रस्तुत रहस्य और हास्य की जुगलबंदी ने दर्शकों को अंत तक अपने सम्मोहन में बाँधे रखा।

### होनहार बच्चों को पहचानकर राज्य और प्रांतीय प्रतियोगिताओं में भेजने का प्रयास

## भारत विकास परिषद बहरोड़ की टीम ने राज्य स्तरीय 'भारत को जानो' प्रश्न मंच में जीते दोनों वर्गों में प्रथम स्थान

बढ़ता राजस्थान



बहरोड़ (सुभाष यादव)। भारत विकास परिषद शाखा बहरोड़ की टीम ने रविवार, 28 सितंबर 2025 को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया।

भारत विकास परिषद द्वारा 31 वर्षों से लगातार भारत को जानो प्रतियोगिता स्कूल स्तर पर आयोजित की जा रही है। इस बार परिषद ने लिखित परीक्षा के माध्यम से जूनियर वर्ग में 20 टीमों और सीनियर वर्ग में 22 टीमों का चयन किया। इसके बाद तक्षशिला पब्लिक स्कूल, बहरोड़ में आयोजित प्रश्न मंच में प्रत्येक वर्ग की एक-एक टीम का चयन किया गया। शाखा अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि भारत विकास परिषद निरंतर प्रयास करती रही है कि होनहार बच्चों को पहचानकर राज्य और प्रांतीय प्रतियोगिताओं में भेजा जाए। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों, उनके स्कूलों और परिषद के सभी सीनियर व जूनियर सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शाखा सचिव अनिल शर्मा, मीडिया प्रभारी गुलाब प्रजापत और सेवा प्रकल्प प्रमुख वीरेंद्र वर्मा भी उपस्थित रहे।

## सेवा भारती कोटा द्वारा सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** सेवा भारती कोटा द्वारा शक्ति आराधना के पर्व नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वामी विवेकानंद विद्या निकेतन महावीर नगर तृतीय में आयोजित कार्यक्रम में सेवा भारती द्वारा सेवा बस्तियों में संचालित बाल संस्कार केंद्रों की 271 कन्याओं का 60 पूजकों द्वारा पूजन किया गया ।कार्यक्रम में उद्बोधन गोविन्द सेवा भारती ( प्रांत संगठन मंत्री ), अध्यक्षता एवं आशीर्वचन वाल्मीकि शीतल संत रामप्रसाद महाराज द्वारा की गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विमल कुमार अग्रवाल (समाजसेवी एवं निदेशक बीएल ग्रुप) रहे।

इस अवसर पर सेवा भारती कोटा महानगर अध्यक्ष मधुसूदन गुप्ता ने सेवा भारती द्वारा कोटा महानगर में किये जा रहे कार्यों के बारे में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और सेवा भारती द्वारा किस प्रकार वंचित और पिछड़े वर्ग को स्वावलंबी बनाया जा रहा है इस बारे में भी बताया ।।वाल्मीकि संत रामप्रसाद जी महाराज ने इस प्रकार के आयोजन के लिए सेवा भारती की प्रशंसा की और सेवा भारती द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की । गोविंद जी भाई साहब ने इस आयोजन पर अपना प्रेरक पाथेय प्रदान किया । सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा देवीस्वरूप कन्याओं का पूजन किया गया,तत्पश्चात पूजनकर्ताओं द्वारा कन्या पूजन करके उपहार दिये गये ।। इसके बाद सभी को भोजन करवाया गया ।

## पीपल्दा विधायक चेतन पटेल ने मृतकों के घर पहुंचकर ढांढस बंधाया



बढ़ता राजस्थान

**खातोली/कोटा।** विधायक चेतन पटेल रविवार को खातौली क्षेत्र के दौरे पर रहे। पटेल ने छुवारी धाम पार्वती नदी में मृतक युवकों के घर पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवारजनों को ढांढस बंधवाया। पीडित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस अवसर विधायक चेतन पटेल ने कहां कि छुवारी धाम में पार्वती नदी में डूबने से चार मासूम बच्चों की खबर अत्यंत दुःखद और दर्दनाक है । मृतक युवकों के परिवारजनों के साथ हूं । प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने की कोशिश करुंगा । पूरी कांग्रेस पार्टी मृतक परिवारजनों के साथ हर दुख में साथ खड़ी है। परिवारजनों को घबराने की जरूरत नही है । मेरी गहरी संवेदनाएँ मृतक के परिवारजनों के साथ है । भगवान उन्हें असहनीय इस वज्रपात को सहने की हिम्मत प्रदान करे । साथ ही कहां की प्रशासन के सम्पर्क में हू । जिला कलेक्टर को मृतकों के परिवारजनों को उचित मुआवज़ा व सहायता राशि के लिए अवगत करा दिया । इस अवसर पर युवा कांग्रेस प्रदेश संयोजक हर्षित गुर्जर जौनी , उपसरपंच लेखराज सिंह, खातौली कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जफर अंसारी, एडवोकेट हेमन्त शर्मा ,पूर्व मंडल अध्यक्ष रत्नलाल बैरवा, देहात सचिव सुरेश बैरवा , शकील अंसारी , जमील पठान , महावीर मीणा रामखेड़ा, विजय बैरवा , दीपक बैरवा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहै।

## लिटिल हैंड्स इंटरनेशनल स्कूल में गरबा महोत्सव की धूम, तालियों और मुस्कानों से गूंजा परिसर



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** लिटिल हैंड्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार रात गरबा महोत्सव का रंगारंग आयोजन हुआ। पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों, अभिभावकों और स्टाफ ने माता रानी की आरती के साथ गरबा की शुरुआत की, तो पूरा माहौल भक्तिमय और उल्लास से भर उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष शैलेष काला और आरती काला ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को खास बना दिया। मंच से उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखते हैं। गरबा की झूमती तालों के बीच बच्चों और अभिभावकों ने अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। अंत में बेस्ट गरबा अवार्ड, बेस्ट ड्रेस किड्स अवार्ड, बेस्ट सेल्फी अवार्ड और बेस्ट ड्रेस पैरेंट अवार्ड विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। आभार प्रदर्शन प्रिंसिपल राखी नामदेव ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर गौरव नामदेव, पूरा स्टाफ, बच्चे और अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों की ऊर्जा, अभिभावकों का उत्साह और सांस्कृतिक रंगों की छटा देखते ही बनती थी। यह गरबा महोत्सव सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया।

## दाधीच समाज में डांडिया महोत्सव का भव्य आगाज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** श्री महर्षि दधिचि छात्रावास समिति कोटा द्वारा दो दिवसीय डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन कुन्हाड़ी स्थित भवन में किया गया। अध्यक्ष रविन्द्र दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर कृष्णा शुक्ला ने दीप प्रज्वलन एवं माताजी की आरती के साथ किया। समाज के महिला, पुरुष व बच्चों ने गरबा-रास एवं डांडिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### छोटा बेटा भी एक्टर था

# कोटा में टीवी-एक्ट्रेस के 2 बच्चों की दम घुटने से मौत:शॉर्ट सर्किट के कारण फ्लैट में लगी आग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा में फ्लैट में आग लगने से एक टीवी एक्टर सहित दो नाबालिग भाइयों की मौत हो गई। पड़ोसियों ने फ्लैट से धुआं उठते देखा तो तुरंत दरवाजा तोडक़र बच्चों को बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में उन्हें हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां दोनों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसा अनंतपुरा थाना क्षेत्र की दीपश्री मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में शनिवार देर रात 2 बजे हुआ। जिन 2 बच्चों की मौत हुई है उनमें से एक वीर (10) टीवी एक्टर था। वहीं, दूसरा नाबालिग आईआईटी की तैयारी कर रहा था। बच्चों की मां रीता शर्मा भी एक्ट्रेस हैं।

**घर में अकेले थे दोनों बच्चे:** थानाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हादसा बिल्डिंग के फोर्थ फ्लोर पर फ्लैट नंबर 403 में हुआ। हादसे के दौरान वीर और उसका भाई शौर्य (15) घर में अकेले सो रहे थे। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट के कारण फ्लैट में धुआं फैला गया था। इस कारण उनका दम घुट गया। बच्चों के पिता जितेंद्र शर्मा कोटा में कोचिंग टीचर हैं। उनकी मां रीता शर्मा मुंबई में हैं। वो पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। हादसे के समय पिता भजन संध्या में गए हुए थे।

**पिता ने जताई बेटों की आंखें डोनेट करने की इच्छा:** कोटा शहर एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि- फ्लैट का ड्राइंग रूम पूरी तरह से जला हुआ था। घर के और भी हिस्सों में आग के निशान थे। बच्चों की मां मुंबई से आ रही हैं। उसके बाद ही दोनों बच्चों का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। पिता की इच्छा है कि दोनों बच्चों की आई डोनेट करवाई जाए।









गोले में मृतक शौर्य व वीर अपने मां और पिता के साथ।

## रामगंजमंडी स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 3 की टिकट विंडो ट्रायल बेस पर शुरू





बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लंबे समय से हो रही परेशानी आखिरकार खत्म हो गई। प्लेटफार्म नंबर 3 की ओर बनी अनारक्षित टिकट खिडक़ी आज से यात्रियों के लिए खोल दी गई है। यह जानकारी स्टेशन अधीक्षक जे. पी. मीणा एवं मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य मुकेश कुमार श्रृंगी ने दी।

गौरतलब है कि आठ महीने पहले टिकट विंडो का निर्माण कार्य पूरा हो गया था, लेकिन नेटवर्क कनेक्टिविटी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह शुरू नहीं हो सकी थी। इसके चलते प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। अख़बार में लगातार खबरें प्रकाशित होने और जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों की ओर से लगातार आवाज़ उठाने के बाद आखिरकार रेलवे प्रशासन हरकत में आया।स्थानीय यात्रियों का कहना है कि विंडो शुरू होने से उन्हें प्लेटफार्म नंबर 1 पर जाकर टिकट लेने और फिर पुल पार कर प्लेटफार्म नंबर 3 लौटने की मशक्कत से राहत मिलेगी। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी। रेल मंडल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य मुकेश कुमार श्रृंगी ने कहा कि यह यात्रियों की लम्बे संघर्ष और लगातार मांग का परिणाम है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

स्टेशन अधीक्षक जे. पी. मीणा ने बताया कि टिकट खिडक़ी को फिलहाल ट्रायल बेस पर शुरू किया गया है, और आने वाले दिनों में इसे पूर्ण रूप से नियमित कर दिया जाएगा।

## भगत सिंह आज भी देश के युवाओं के आदर्श:संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** आजकल भले ही शहरभर में त्यौहारों, डांडिया, भण्डारों की चहल पहल है।लेकिन कोटा के युवा अपने शहीदों की शहादत को भी नहीं भूले हैं। शहीद भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में सरोवर से वाहन रैली निकालकर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर पं. जगदम्बा प्रसाद मिश्र की पंक्तियां सत्य सिद्ध हुई ''शहीदों की चिताओं पर जुडेंगे हर बरस मेले, वतन पे मरने वालों का यही बाकी निशां होगा।''

वाहन रैली को विधायक संदीप शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोग भले ही फिल्मों में अभिनय करने वाले कलाकारों को हीरो कहकर पुकारते हों लेकिन सच्चाई यही है कि शहीद भगत सिंह आज भी देश के युवाओं के आदर्श हैं और उनके असली हीरो हैं। उन्होंने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह और अनगिनत क्रांतिकारियों की शहादत के दम पर ही हमें आजादी मिल सकी है और आजादी मिलने के बाद हमारे सैनिक ने इस आजादी को बनाए रखने के लिए बलिदान दिए हैं इसलिए आज जो जीवन हम जी रहे हैं वो महान क्रांतिकारियों और सैनिकों की बदौलत ही है। हमें चाहिए कि उनके त्याग और तपस्या को याद रखें और आने वाली पीढियों को भी बताएं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक अभिनव नवाचार किया जिसके तहत प्रत्येक विधायक अपने विधानसभा में शहीद सैनिक के घर जाकर उसकी वीरांगना से राखी बंधवाते है और उसका सम्मान करते है। हम भी इसका अनुसरण करना चाहिए और राष्ट्रीय पर्वों पर अपने आस पास के क्षेत्र में रहने वाले शहीदों के परिजनों के घर जाकर उनका सम्मान करना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि यह राष्ट्र और इसके नागरिक उन शहीदों के ऋणी हैं। रैली को भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा ने भी सम्बोधित किया। वाहन रैली के आयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सह संयोजक इरशाद अली, मनीष घेंघट एवं विशाल वाल्मिकी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह ने 23 वर्ष की अल्पायु में ही मां भारती के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया था जबकि आज का युवा नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है। इसलिए हमने यह रैली निकालकर संदेश दिया है कि नशा मातृभूमि की सेवा का होना चाहिए और अब यह रैली प्रतिवर्ष निकाली जाएगी।





## कांग्रेस के अराजकतावाद से देश को सतर्क रहना होगा - अरविन्द सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** भाजपा राजस्थान के मीडिया संपर्क विभाग के प्रदेश सह-संयोजक अरविन्द सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के बेरोजगार नेता सत्ता से बाहर होकर बिन पानी की मछली की तरह छटपटा रहे हैं। वे आपराधिकता तक पहुँचकर झूठ और भ्रामक प्रचार फैलाकर देश में असंतोष पैदा करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। इस तरह के संविधान और लोकतंत्र विरोधी प्रयासों के प्रति देश की जनता को सतर्क रहना होगा और समय आने पर वोट की चोट से जवाब देना होगा। 1984 के बाद से कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। हाल ही में असम के बोडोलैंड परिषद चुनाव में कांग्रेस का शून्य पर सिमटना स्पष्ट संकेत है कि जनता कांग्रेस कोनकार चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज राज्यों में क्षेत्रीय दलों के सहारे परजीवी की तरह जीवित है। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व गुप्त विदेश यात्राओं में जाता है और फिर भारत में झूठ और भ्रम के बम फोडऩे की राजनीति करता है, जो देश विरोधी और शत्रुतापूर्ण भाव दर्शाता है। बम शब्द ही हिंसा का परिचायक है। उन्होंने कहा कि विदेश से होने वाली फंडिंग और पुरस्कार भी संदेह के घेरे में हैं। यह देश में अपरोक्ष हस्तक्षेप गतिविधियां हैं। इन पर भी कड़ी नजर जनता को भी रखनी होगी।



### शिक्षा अधिकार की रक्षा के लिए शिक्षा नीति 2020 का विरोध करना होगा

# ट्रांसफर के नाम पर शिक्षकों को डराना बंद करें: प्रहलाद गुंजल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/इटावा (विनोद गौड़)।** इटावा कस्बे मे राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 26 व 27 सितम्बर को सम्पन्न हुआ, जिसमे पहले दिन गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति सहित कई प्रस्तावों को किया पारित। दूसरे दिन प्रस्ताव सत्र व भगत सिंह जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी की गई।

सम्मेलन में गैर शैक्षणिक कार्यों से पूर्णतः मुक्त करने, शहरी भत्ता की तर्ज पर ग्रामीण भत्ता देने, सहित अध्यापकों (तृ. वे.श्रृं) के स्थानांतरण की प्रक्रिया अविलंब शुरू करने, शिक्षकों के लिए पारदर्शी एवं स्थाई स्थानांतरण नीति लागू कर भष्टाचार पर रोक लगाने, डिजायर व्यवस्था समाप्त करने,और शिक्षकों के सभी सॅवर्गों की बकाया पदोन्नति शीघ्रातिशीघ्र करवाने, डिपीसी, पदोन्नति, कम्प्यूटर शिक्षक / अनुदेशक के पद, वेतन आहरण वितरण का अधिकार पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी को दिया जावे, एक लाख रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती, शिक्षकों को 7,14,21,28 तथा 32 वर्ष पर चयनित वेतनमान सहित कई अन्य माँगो पर एक सहमति बनाई गई।

मिड डे मील कर्मियों सहित समस्त संविदा कार्मिको को न्यूनतम ?26000/- मासिक मेहनताना दिया जाने, स्पोर्ट्स किट, पुस्तकालय की पुस्तकों तथा (शिक्षा के बढ़ते कदम) में किये गये भुगतान की जाँच करवाई जाने बच्चों की सुरक्षा एवं शैक्षिक ढाँचे की मजबूती के लिए अच्छे भवन का निर्माण करवाया जावे तथा मरम्मत के लिए प्रस्ताव के साथ ही बजट करने हेतु प्रस्ताव पारित किये। भगत सिंह जयंती के अवसर पर वर्तमान में भगत सिंह के विचारों की प्रासंगिकता पर मुख्य अतिथि हंसराज चौधरी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विचारों को आम शिक्षक व छात्रों तक पहुँचाने की जरूरत है। इससे पूर्व बहादुर सिंह गांधी ने सार्वजनिक शिक्षा की मजबूती के लिए शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य मुक्त करने पर जोर दिया। जिला मंत्री धनराज मीणा ने बताया कि प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र की शुरुआत संगठन के ध्वजारोहण के साथ हुई।

वहीं सम्मेलन के मुख्य वक्ता महावीर सिहाग प्रदेशाध्यक्ष ने नई शिक्षा नीति 2020 को आने वाले समय में सार्वजनिक शिक्षा पर हमला बताया। उद्घाटन मुख्य अतिथि - पूर्व विधायक कोटा उत्तर रहे । मुख्य अतिथि प्रहलाद गुंजल ने शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जाने पर कड़ा एतराज जताया।

उन्होंने कहा कि शिक्षक का प्राथमिक काम बच्चों को शिक्षा देना है, लेकिन सरकार ने शिक्षकों को सैकड़ों गैर-शैक्षणिक कार्य सौंप रखे हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आ रही है। शिक्षकों को ट्रांसफर के नाम डराना बंद करके ट्रांसफर पॉलिसी बनाना चाहिए।हंसराज चौधरी जिला महासचिव जलेस, विशिष्ट अतिथि-बहादुर सिंह गांधी जिल़ाध्यक्ष अ रा रा क सं महासंघ कोटा, शघासी लाल सामरिया, महावीर मीणा-प्रांतीय संघर्ष समिति सह संयोजक,अध्यक्ष मंडल में क्षेत्रपाल सिंह,अशोक लोदवाल, महेंद्र चौधरी, विद्यासागर वर्मा, कांतिप्रकाश मीणा थे मंच संचालन जिला मंत्री धनराज मीणा ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यासागर वर्मा मंत्री व धनराज मीणा ने किया।



## नवरात्र में 'अपना घर' महिला इकाई ने किया कन्या पूजन, माताओं को दी उपयोगी सामग्री



**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर अपना घर आश्रम की महिला इकाई ने शनिवार को शहर के सामान्य चिकित्सालय में नवजात कन्याओं का पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर अस्पताल में जन्मी बच्चियों के पैर पूजन कर उनकी माताओं को कपड़े, फल, बिस्कुट और अन्य सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व आश्रम की संरक्षक कमलेश गर्ग ने किया। इस दौरान चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल सहित अन्य चिकित्सक भी उपस्थित रहे। कमलेश आर्य ने कहा कि बच्चियों के जन्म पर माता-पिता को विशेष रूप से सजग रहना चाहिए और समाज में व्याप्त असामाजिक प्रवृत्तियों के खिलाफ सख्ती से कदम उठाने जरूरी हैं। आश्रम की महिला अध्यक्ष ऊषा मित्तल ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी टीम के सहयोग से संभव हुआ है। उन्होंने जगत जननी से कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सचिव नीलम मंगल, विमला गर्ग, लता मंगल, शिल्पी गर्ग, रानी गर्ग, विद्या देवी, रीना गोयल, कमला बंसल, वंदना गर्ग, रौशनी शिवहरे, निर्मला शिवहरे और मीरा मित्तल सहित महिला कार्यकारिणी की कई सदस्याएं मौजूद रहीं।

## गुमट हनुमान मंदिर पर बजरंग सेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित, राकेश वर्मा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए



**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के प्राचीन गुमट हनुमान मंदिर परिसर में बजरंग सेवा समिति की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें राकेश वर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बैठक में दीपावली की पड़वा पर आयोजित होने वाले अन्नकूट महोत्सव सहित मंदिर से जुड़े अन्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। नवीन अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि गुमट हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है और समिति का प्रयास मंदिर के विकास तथा यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने पर केंद्रित रहेगा। अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां पहले ही शुरू कर दी गई हैं और अन्य आयोजनों को लेकर भी योजना बनाई जा रही है। शपथ ग्रहण समारोह में महामंत्री धनंजय शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, संरक्षक रमेश चंद्र शास्त्री, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, संगठन मंत्री मनीष सिंगल, चोला प्रभारी विपिन सिंगल, मंत्री अमित गर्ग, मीडिया प्रभारी प्रदीप गोयल और सूचना मंत्री मुकेश सहित सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बसेड़ी में जीएसटी छूट की जानकारी दी, व्यापारियों और आमजन को बांटे पंपलेट

**बढ़ता राजस्थान, धौलपुर (राजू शर्मा)।** सरकार की ओर से 29 सितंबर तक चलाए जा रहे जीएसटी बचत उत्सव अभियान के तहत शनिवार को बसेड़ी में वाणिज्यिक कर विभाग की ओर से जागरूकता सभा आयोजित की गई। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में दी गई राहत की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना था। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में किया गया। सभा में राज्य कर अधिकारी दीपक कुमार शर्मा, सतेन्द्र तिवारी, हरवीर मीणा तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामकेश मीणा उपस्थित रहे। सभा के दौरान व्यापारियों और आमजन को नई जीएसटी दरों के बारे में विस्तार से बताया गया और संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इस मौके पर बसेड़ी बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुखराम सिंह परमार, अग्रवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग, अधिवक्ता रामअवतार सिंह परमार, हीरो एजेंसी संचालक मधुसूदन परमार, बिल्डिंग मटेरियल व्यवसायी हजारीलाल मित्तल समेत कई व्यापारी और नागरिक मौजूद रहे। व्यापारियों और आमजन ने जीएसटी दरों में दी गई राहत का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।



## राजसमंद झील छलकी, ओवरफ्लो पॉइंट बना पिकनिक स्पॉट

**बढ़ता राजस्थान, राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** झील के ओवरफ्लो होने के बाद झील का नजारा मनमोहक हो गया है। झील की नो चौकी, इरिगेशन पाल और वासोल स्थित ओवरफ्लो पॉइंट पर इन दिनों बड़ी संख्या में शहरवासी व आसपास के लोग पहुंचकर झरते पानी का आनंद ले रहे हैं। यहां हर दिन पिकनिक स्पॉट जैसा माहौल बन गया है और शहरवासियों का जमावड़ा लगा रहता है। झील के लबालब पानी के बीच लोग सेल्फी और फोटो खींचकर यादगार पल सहेज रहे हैं। वहीं, नो चौकी पर नहाने का भी शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पानी में मस्ती कर रहे हैं और युवा ऊंचाई से डाइव लगाकर रोमांच ले रहे हैं। झील 44 साल बाद तीसरी बार छलकी है। इससे पूर्व वर्ष 2017 और 2023 में झील का जलस्तर छलका था। झील में खारी फीडर और गोमती नदी से लगातार पानी की आवक बनी हुई है। इसी कारण झील का पानी अब अंबा माता और गवर माता के चरणों तक पहुंच चुका है। वर्तमान में झील से करीब 4 इंच की चादर चल रही है। झील का यह विहंगम दृश्य लोगों को आकर्षित कर रहा है और इन दिनों राजसमंद झील का ओवरफ्लो पॉइंट क्षेत्रवासियों के लिए बड़ा आकर्षण और पिकनिक स्पॉट बन चुका है।



# सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष महत्व, सरकार ने बढ़ाया गौशालाओं का अनुदान : भजनलाल शर्मा

### कामधेनु गोशाला में किया गौ-पूजन, गाय को खिलाया गुड़ व हरा चारा

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में गौ माता को विशेष महत्व दिया गया है तथा गाय को देवत्व का प्रतीक माना गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गौ संरक्षण और संवर्धन की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए पंजीकृत गौशाला के लिए मिलने वाले अनुदान को बढ़ाकर गायों के लिए 50 रुपये प्रतिदिन और छोटे बछड़ों के लिए 25 रुपये प्रतिदिन कर दिया है। मुख्य मंत्री शर्मा रविवार को डीग जिले के गुहाना स्थित श्री जडख़ोर गौ-धाम में आयोजित श्री कृष्ण बलराम गौ-आराधन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में प्रदेश के लघु एवं सीमान्त किसानों को बैलों से खेती करने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष देने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से पूरे देश में सनातन संस्कृति का उत्थान हो रहा है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर तथा महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हमारी विरासत को मजबूत कर रहे हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने खाटूश्याम जी मंदिर, पूंछरी का लौठा सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास के लिए बजट में प्रावधान किए हैं। साथ ही हमारी सरकार भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े स्थलों को श्रीकृष्ण गमन पथ के रूप में विकसित कर रही है।

मुख्य मंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने में संतों-महंतों का विशेष महत्व है। श्रीमद्भागवत् भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात स्वरूप है तथा हमारे जीवन के लिए मार्गदर्शक है। इसके दर्शन मात्र से जीवन में सुख, शांति और संतोष प्राप्त होता है। हमें इन आदर्शों को अपने आचरण में अपनाना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि सभी संस्कृति के संरक्षण एवं गौ माता की सेवा का संकल्प लें। राज्य सरकार हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव कदम उठाने के लिए तत्पर है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने श्री जडख़ोर गोष्ठ बिहारी मंदिर में सपत्नीक दर्शन किए और कामधेनु गोशाला में गौ-पूजन कर गाय को गुड़ व हरा चारा खिलाया। मुख्यमंत्री ने स्वामी श्री राजेन्द्रदास देवाचार्यजी महाराज के श्रीमुख से भागवत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक नौक्षम चौधरी सहित विभिन्न साधु-संत एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## धौलपुर को मिली ग्रीनफील्ड सिक्स लेन एक्सप्रेसवे की सौगात, आगरा-ग्वालियर की दूरी होगी 32 किमी कम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से ग्रीनफील्ड सिक्स लेन एक्सप्रेसवे का बड़ा तोहफा मिला है। करीब 4613 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मेगा प्रोजेक्ट का मृदा परीक्षण पूरा हो चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। कुल 88.4 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे में धौलपुर का हिस्सा लगभग 30 किलोमीटर रहेगा। इसके बनने से आगरा और ग्वालियर की दूरी 32 किलोमीटर घट जाएगी और यात्रा में करीब आधा घंटा समय बचेगा। मौजूदा हाईवे पर ट्रैफिक दबाव भी काफी हद तक कम हो जाएगा।

यह एक्सप्रेसवे सीधे आगरा-नोएडा एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा, जिससे दिल्ली, गुडग़ांव, नोएडा सहित अन्य बड़े शहरों तक पहुंचना और भी आसान होगा। एक्सप्रेसवे का निर्माण जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कंपनी करेगी, जिसे अप्रैल में ठेका दिया गया था। कंपनी अक्टूबर से यूपी, राजस्थान और मध्यप्रदेश में तीन बेस कैंप तैयार कर कार्य प्रारंभ करेगी। धौलपुर में कैंप ऑफिस की तैयारी अंतिम चरण में है। भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि भूमि अवाप्ति के बाद मुआवजा वितरण के आदेश जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही एनएचएआई को जमीन का पजेशन सौंपा जाएगा। इस एक्सप्रेसवे को एनएच 719-डी नाम दिया गया है। प्रस्तावित मार्ग आगरा से शुरू होकर धौलपुर व मुरैना होते हुए ग्वालियर के सुसेरा गांव तक पहुंचेगा। इसके आसपास चार औद्योगिक जोन विकसित करने की योजना है। साथ ही हाईवे किनारे गहन वृक्षारोपण कर इसे ग्रीनफील्ड स्वरूप दिया जाएगा। निर्माण कार्य के तहत 31 पुल बनाए जाएंगे, जिनमें 8 बड़े और 23 छोटे पुल होंगे। इसके अलावा 192 पुलिया, छह फ्लाइओवर और एक रेल ओवरब्रिज (जाजऊ स्टेशन के पास) भी बनाया जाएगा। परियोजना का सबसे आकर्षक हिस्सा चंबल नदी पर बनने वाला 300 मीटर लंबा हैंगिंग ब्रिज होगा। इस पुल के पिलर नदी में नहीं, बल्कि किनारों पर बनाए जाएंगे, जिससे पूरा पुल नदी के ऊपर झूलता रहेगा। एक्सप्रेसवे बनने के बाद आगरा से ग्वालियर की यात्रा केवल एक से सवा घंटे में पूरी की जा सकेगी, जिससे क्षेत्रीय यातायात, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## अजमेर के कुचीपला भैरव धाम में उमड़ी भीड़, हर रविवार लगती है विशेष चौकी

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** ऐतिहासिक शहर अजमेर के गंज इलाके में सोभराज होटल के पास स्थित कुचीपला भैरव धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। हर रविवार दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक मंदिर परिसर में बाबा भैरव नाथ की विशेष चौकी आयोजित होती है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने दुख-दर्द और समस्याओं का समाधान पाने के लिए पहुंचते हैं। खास बात यह है कि मंदिर में किसी भी प्रकार का चढ़ावा या दान नहीं लिया जाता। सेवादारों का कहना है कि बाबा की कृपा ही यहां सब कुछ संभव बनाती है। कुचीपला भैरव धाम का इतिहास कई दशकों पुराना बताया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाबा भैरव नाथ को यहां दिव्य ऊर्जा का प्रत्यक्ष स्वरूप माना जाता है। चौकी के दौरान भजन-कीर्तन, आरती और विशेष अनुष्ठान होते हैं, जिनमें भक्त अपनी मनोकामनाएं रखते हैं। मंदिर की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। अजमेर ही नहीं, बल्कि जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों से भी भक्त यहां पहुंचते हैं। रविवार को यहां भारी भीड़ उमडऩा आम बात हो गई है। भक्तों के अनुभव भी मंदिर की ख्याति को और बढ़ाते हैं। एक महिला ने बताया कि उसके पति पर जादू-टोने का असर था, लेकिन बाबा की चौकी में आने के बाद सब कुछ सामान्य हो गया। वहीं, एक युवक ने कहा कि उसकी शादी में आ रही बाधाएं बाबा की कृपा से दूर हुईं। मंदिर से जुड़े सेवादारों का कहना है कि यहां न कोई भेदभाव है और न ही कोई आर्थिक लेन-देन।

## भारत को जानो प्रतियोगिता में भुसावर शाखा की जूनियर टीम उपविजेता



**बढ़ता राजस्थान, भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान पूर्व प्रांत की प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन करौली जिले के हिण्डौन सिटी में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में सवाई माधोपुर, करौली, भरतपुर, धौलपुर, दौसा और डीग सहित विभिन्न जिलों की कुल 20 टीमों ने भाग लिया। भुसावर शाखा की ओर से भारत को जानो प्रकल्प प्रभारी अरविन्द बंसल के नेतृत्व में जूनियर वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। कस्बे के प्रेम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों सत्यम शर्मा और यश मीणा की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता का खिताब जीता। विजेता टीम को प्रांत स्तर पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शाखा भुसावर से हेमन्त पाण्डेय, निशांक सोनी, अंशु मित्तल, अरविन्द बंसल सहित विद्यालय शिक्षक रमाकांत पाण्डेय, बनवारी गोयल, केशव शर्मा, देवांश बंसल और वैभव मित्तल भी उपस्थित रहे।

## विश्व रेबीज दिवस पर भुसावर में 74 कुत्तों को लगाए गए एंटी-रेबीज टीके

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** विश्व रेबीज दिवस 2025 के अवसर पर पशुपालन विभाग की ओर से भुसावर नोडल क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सात टीमों का गठन कर नगर पालिका क्षेत्र भुसावर सहित छोकरवाड़ा, पथैना, बल्लमगढ़ और निठार में पालतू व आवारा कुत्तों को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई गई। अभियान के तहत गली-गली जाकर कुल 74 डोज लगाए गए।

खंड पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विजय कुमार पहाडिया ने बताया कि रेबीज एक घातक बीमारी है, जो गर्म रक्त वाले जानवरों—विशेषकर कुत्ते और भेडिये—के काटने से फैलती है। संक्रमित व्यक्ति या जानवर धीरे-धीरे पागलपन की स्थिति में पहुँच जाता है और अंततः उसकी मृत्यु हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का एकमात्र उपचार समय पर दिया गया एंटी-रेबीज टीका ही है। डॉ. पहाडिया ने जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी संक्रमित जानवर के काटने की आशंका हो, तो सबसे पहले घाव को तुरंत साबुन और स्वच्छ पानी से कम-से-कम 15 मिनट तक धोना चाहिए। इसके बाद नजदीकी अस्पताल जाकर निर्धारित शेड्यूल के अनुसार एंटी-रेबीज वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए। अभियान में वैक्सीनेशन का कार्य पशुधन निरीक्षक वेद प्रकाश, चंद्रशेखर, संतोष, जगदीश, स्वामी, मुकेश, भूपेश, चंद्रभान, भूपेंद्र, बृजेश, सहदेव और नवल ने किया। इस दौरान पार्षद रणजीत सेन, यादराम सैनी, ब्रह्मानंद शर्मा, टीटू स्वामी, रामेश्वर, मनु और लोकेश सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग दिया।

## 22 सीसीटीवी कैमरे बंद, अपराधियों के हौसले बुलंद रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के लिए लगे 37 कैमरे

बढ़ता राजस्थान



धौलपुर (राजू शर्मा)। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बड़ी संख्या में बंद पड़े हैं। धौलपुर शहर के 55 सार्वजनिक स्थलों पर लगे 170 कैमरों में से 22 कैमरे पिछले दो महीने से ठप हैं। ये सभी स्थान अपराध की दृष्टि से संवेदनशील हैं, जिससे पुलिस की निगरानी व्यवस्था कमजोर हो गई है और अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

पुलिस इन कैमरों के जरिए शहर की मुख्य सडक़ों, चौराहों, यूपी-एमपी बॉर्डर और लूट-छीना झपटी जैसी घटनाओं पर निगरानी रखती है। इसके लिए पुराने तहसीलदार परिसर में एडवांस मॉनिटरिंग कंट्रोल सिस्टम भी स्थापित किया गया है। लेकिन ओंडेला रोड, राजाखेड़ा रोड, निरोकर जंक्शन, पचगांव पुलिस चौकी रोड सहित 22 लोकेशन पर लगे कैमरे बंद पड़े हैं।

इन कैमरों के बंद होने का कारण ऑप्टिकल फाइबर टूटना बताया जा रहा है। धौलपुर एसपी विकास सांगवान ने कहा कि कार्यकारी एजेंसी को लगातार पत्राचार किया गया है और उम्मीद है कि जल्द ही बंद पड़े कैमरे फिर से चालू हो सकेंगे।

अभय कमांड सेंटर के रखरखाव की जिम्मेदारी आरसीएल कंपनी की है, लेकिन लापरवाही के चलते मरम्मत कार्य अब तक नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि यदि समय रहते नेटवर्क और कैमरों की मरम्मत नहीं हुई तो शहर का एडवांस सर्विलांस सिस्टम फेल हो सकता है, जिससे अपराध रोकने में गंभीर दिक्कतें आएंगी।

इधर, यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए धौलपुर रेलवे स्टेशन पर 37 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर, प्रवेश-निकास द्वार और फुटओवर ब्रिज पर लगाए गए हैं। आरपीएफ को इनकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे स्टेशन परिसर में भीड़ प्रबंधन, असामाजिक तत्वों पर नजर और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में इसके लिए एक अलग कमांड कंट्रोल सेंटर भी तैयार किया गया है। रेलवे ने आगे चलकर ट्रेनों के सामान्य कोचों में भी एडवांस कैमरे लगाने का निर्णय लिया है।

### खाना बनाते समय सिर पर कई वार किए; हमले के बाद भागकर खेतों में छुपा

# पोते ने चिमटे से पीट-पीटकर दादी को मार डाला

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा(नि.स.)।** भीलवाड़ा में एक बुजुर्ग महिला की पोते ने चिमटे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। चिमटे के हमले से महिला के सिर पर चोट लगी और वे बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन उसे लहूलुहान हालत में हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हमले के बाद आरोपी पोता मौके से भाग निकला और गांव में मक्के के खेतों में जाकर छुप गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 4 घंटे की तलाश के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। मामला पारोली थाना क्षेत्र के बागड़ा गांव का है।



### गांव में पूजा कर रहा था, अचानक चिमटा लेकर घर में घुसा

थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा ने बताया- आरोपी लालाराम (28) पुत्र रामलाल माली गांव में बने धार्मिक स्थान पर भोपा के रूप में सेवा पूजा करता था। रविवार की सुबह भी वह सेवा पूजा कर रहा था। सुबह करीब 8.30 बजे आरोपी पूजा में उपयोग होने वाला चिमटा लेकर आया और बुजुर्ग महिला के सिर पर कई वार किए।

सिर में चोट लगने से बुजुर्ग महिला वहीं पर गिर गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज किया और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। पुलिस ने घटनास्थल से चिमटा बरामद किया है। कान्हा पुत्र सोमनाथ माली ने बताया- मेरी मां एजी देवी (60) सुबह घर में चूल्हे पर खाना बना रही थी। इस दौरान मेरा भतीजा लाला राम घर पर आया। उसने पूजा में इस्तेमाल होने वाले लोहे के बड़े चिमटे से मां के सिर पर कई वार किए। चिमटे के वार से मां का सिर फट गया और वे लहूलुहान हालत में गिर पड़ी। कान्हा ने बताया- मैंने लाला राम को रोकने की भी कोशिश की, लेकिन वह मां पर लगातार हमला करता रहा। गंभीर हालत में मां को सरकारी हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में कपासन के पदाधिकारियों ने लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** संभाग मुख्यालय उदयपुर में शनिवार को आयोजित महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में कपासन क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भाग लिया गया।

जानकारी अनुसार संभाग मुख्यालय उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित सभागार में शनिवार को महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार अशोक गहलोत का महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सनी एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।उक्त महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में कपासन क्षेत्र के शंकरलाल प्रजापत,राशमी ब्लॉक संयोजक जीएस गिलुंडिया,भूपालसागर ब्लॉक संयोजक दिलीप कुमार जैन,जुनैद अंसारी,किशनलाल प्रजापत रमेश कुमार गर्ग,लोकेश कुमार शर्मा,सद्दाम हुसैन आदि कार्यकर्ताओं द्वारा भाग लिया गया।

## कुमुद विहार-1 में तीन दिवसीय गरबा आयोजन, सजा माता का दरबार



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा) ।** हर वर्ष की भाँति इस साल भी कुमुद विहार परिवार ने माता की आराधना के साथ तीन दिवसीय गरबा नृत्य का आयोजन किया। इस दौरान माता का दरबार विशेष रूप से सजाया गया और सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कुमुद विहार के पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी ने गरबा नृत्य में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। महिलाओं का पारंपरिक पहनावा बहुत ही सुंदर और मनमोहक था, जबकि बच्चों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। पुरुष और महिलाओं की सामूहिक प्रस्तुति अविस्मरणीय रही। जगदीश अग्रवाल और प्रकाश छाबड़ा के नेतृत्व में श्री गणपत चोपड़ा, महेश मोदानी, सुरेश माहेश्वरी, अजय लोहिया, बलवंतराय लढ़ा, संदीप कोगटा, श्रीमती अरुणा राठी, श्रीमती रिया गांधी और श्रीमती पूजा बजाज ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी अंतिम चरण में



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आज से 5 अक्टूबर तक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास में होने वाली राज्य स्तरीय छात्र फुटबॉल प्रतियोगिता (17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग) की तैयारियां पूर्णता की ओर हैं।मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु आज नियुक्त शारीरिक शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानाचार्य महेश कुमार औलानिया एवं जिला खेल प्रभारी (माध्यमिक शिक्षा) गोविंद लाल सैनी ने प्रतियोगिता संचालन से जुड़े आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने मैदान निर्माण, प्राथमिक उपचार किट, मानवीय एवं भौतिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, उद्घाटन व समापन समारोह की तैयारी, मार्च पास्ट, ध्वज व मंच व्यवस्था, मैदान की स्वच्छता तथा खिलाडियों की सुरक्षा जैसे बिंदुओं पर विशेष जोर दिया। संचालन समिति ने सभी शिक्षकों एवं मैदान संयोजकों से प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।प्रतियोगिता के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरबद खेड़ा, राजियावास, जैन गुरुकुल, सनातन धर्म महाविद्यालय, नरसिंह अग्रसेन विद्यापीठ, मंगल न्यूटन विद्यालय एवं सेंट पॉल विद्यालय के खेल मैदान तैयार कर लिए गए हैं।बैठक में हरि प्रसाद गौड़, सांवरलाल, रतन सिंह चौहान, शांतिलाल वैष्णव, रूपकला शर्मा, भुंडाराम सहित कई शारीरिक शिक्षक व संचालक मंडल सदस्य मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद महानगर का शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महानगर द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम बलराम व्यायाम शाला, शास्त्री नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महानगर के सातों प्रखंड से लगभग 120 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

महानगर मंत्री ओम प्रकाश लड्डा ने कहा कि शस्त्र पूजन शक्ति, साहस और आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक तरीका है। यह हमें आत्मरक्षा और विभिन्न संघर्षों का सामना करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने शस्त्र पूजा के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला और बताया कि यह परंपरा आदि-काल से चली आ रही है। महानगर उपाध्यक्ष भारत गेंगट ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शस्त्रों की पूजा देव पूजा के समान होती है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पर विधर्मियों के आक्रमण के समय समाज का शस्त्रों से जुड़ा रहना ही उसका बचाव और उनके प्रतिकार में सहायक रहा। कार्यक्रम में प्रांत से ओमप्रकाश बुलिया, अखिलेश व्यास और महानगर से संजय सेन, रमेश नागर, विकास सुवालका, सत्यनारायण बजरंगी, घनश्याम खंडेलवाल, निलेश सोनी सहित प्रखंड से कैलाश साहू, पप्पू साहू, अनिल वैष्णव, हितेश कृपलानी, विजेंद्र मिश्रा, भानु प्रताप, योगेश सोनी, सुनील उपाध्याय, लक्ष्मण सिंह शेखावत, ताराचंद, देवेंद्र शर्मा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चौमहला में समृद्धि ग्रुप ने नवरात्रि पर कन्या पूजन का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़/ चौमहला (आबिदहुसैन)।** नवरात्रि के पावन अवसर पर चौमहला के समृद्धि ग्रुप द्वारा कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नन्हीं कन्याओं का विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया और उन्हें भोजन एवं उपहार भेंट किए गए।

समृद्धि ग्रुप की अध्यक्ष दिव्या जैन ने बताया कि नवरात्रि में कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजना हमारी संस्कृति और संस्कारों की पहचान है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं का सम्मान करते हुए समाज में च्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओज्ज् का संदेश देना है। इस अवसर पर ग्रुप की सक्रिय सदस्याएँ सोभा मेहता, कृष्णा शर्मा, मोनिका जैन, पूजा जैन, पायल शर्मा, अंगुरबाला मेहता और सभु बाई उपस्थित रहीं। सभी ने कन्या पूजन के इस आयोजन की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## भारत भूमि में जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं: रवि

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय में भारत भूमि में जन्म लेने के लिए देवता भी तरसते हैं। उक्त उद्गार रविवार सायं कस्बे के गढ़ चौक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित विजय दशमी पर्व को संबोधित करते हुए संघ के विभाग कार्यवाह रवि ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत की भूमि योग भूमि है। अन्य देशों में उपभोक्ता वादी संस्कृति है। हम योग संस्कृति में सबको जोड कर चलते हैं।

उन्होंने कहा कि पुरातन में कर्म के आधार पर जातियां बनी थी। एक ही परिवार मे सभी प्रकार के कार्य करने वाले लोग होते थे। हमारे समाज में संयुक्त परिवार की प्रथा थी। लेकिन अंग्रेजों ने शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से संयुक्त परिवार पर चोट पहुंचाई है। आज हमें पुनः संयुक्त परिवार की ध्यान देने की आवश्कता है।

उन्होंने अपने लगभग एक घंटे के उद्बोधन में संघ की स्थापना सहित डा केशव राव बलिराम हेडगेवार के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व मुख्य अतिथि राधेश्याम कछोट, उषा दीदी, अलका दीदी व विभाग कार्यवाह ने शस्त्र पुजन कर व मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति भिनाय के प्रधान सम्पतराज लोढ़ा सहित स्वयंसेवक व मात्रशक्ति उपस्थित रहें।

# कपासन में श्रमण संघ की जन्म जयंती और पुण्य स्मृति दिवस पर एकासन तप एवं धर्मसभा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के तत्वावधान में रविवार को श्रमण संघ के मूल मुनि म.सा. की 104वीं जन्म जयंती और सौभाग्य मुनी म.सा. का 5वां पुण्य स्मृति दिवस अंबेश भवन में मनाया गया। इस अवसर पर महासाध्वी कंचन कंवर और महासाध्वी सुलोचना विशेष रूप से उपस्थित रही।

कार्यक्रम में महासाध्वी कंचन कंवर ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए बताया कि मूल मुनि म.सा. का जन्म 10 दिसंबर 1937 को आकोला गांव में श्रीनाथ बाई गांधी की कुक्षी से हुआ था और 2 फरवरी 1950 को कडिया गांव में दीक्षा लेकर अंबालाल म.सा. के शिष्य बनकर सौभाग्य मुनी नाम प्राप्त किया। उनका जीवन पूर्ण निष्ठा और कुशलता से धर्मकार्य में समर्पित रहा।महासाध्वी सुलोचना ने उपाध्याय गुरुदेव मूल मुनि म.सा. के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सरल भाषा में आगम सम्मत प्रवचन करते थे और साधार्मिक सहायता के प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने नवरात्रि पर नवग्रह का जाप भी कराया।



इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा एकासन तप का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इन दोनों महापुरुषों ने राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब और कर्नाटक में पदयात्रा कर महावीर की वाणी को जन-जन तक पहुंचाया। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि कार्यक्रम में लकी ड्रॉ और प्रभावना का आयोजन भी हुआ। धर्मसभा का संचालन राजेश खाब्या ने किया।

## 69वीं राज्य स्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आगाज, 90 टीमों के 1080 खिलाड़ी लेंगे भाग

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)** । नैनवां शहर के पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में पहली बार राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 69वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सोमवार, 29 सितंबर से शुरू होकर 5 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें 90 टीमों के कुल 1080 छात्राओं सहित 450 दलाधिपति, टीम प्रभारी और कोच हिस्सा लेंगे।

आयोजक स्कूल की ओर से प्रतियोगिता के लिए 8 खेल मैदान तैयार किए गए हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 11 बजे खेल मैदान में होगा। खिलाडियों और प्रभारियों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था शहर के सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में की गई है। प्रतियोगिता का संचालन पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता संयोजक प्रकाशचंद धाकड़ और मीडिया प्रभारी पंकज जैन ने बताया कि प्रदेश के 41 जिलों की टीमें इसमें भाग ले रही हैं। रविवार दोपहर तक 40 टीमों का रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका था। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल ने बताया कि राज्य स्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए समितियां गठित की जा चुकी हैं। प्रत्येक समिति के प्रभारी, सह प्रभारी और सदस्य नियुक्त किए गए हैं। प्रतियोगिता में कुल 252 मैच खेले जाएंगे, जिनमें 17 वर्षीय वर्ग के 126 मैच और 19 वर्षीय वर्ग के 126 मैच शामिल हैं। बूंदी जिले के शारीरिक शिक्षकों द्वारा सभी खेल मैदानों की तैयारियां पूरी की गई हैं। प्रतियोगिता के दौरान कस्बे में दिनभर खिलाडियों और टीमों के आगमन का सिलसिला जारी रहा।



अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस

# सेन युवा एकता मंच ने पर 271 कन्याओं का पूजन कर बढ़ाया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** ।सेन समाज की अग्रणी इकाई सेन युवा एकता मंच ने शारदीय नवरात्रि महोत्सव के दौरान अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस और कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन कर समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा का संदेश फैलाया।

इस अवसर पर 271 कन्याओं का पूजन और कन्या भोज होटल हर्ष पैलेस में आयोजित किया गया। सेन युवा मंच के युवाओं ने परिवार सहित कन्याओं के चरण स्पर्श किए, पैर धोए और माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर कन्याओं का विधि-विधानपूर्वक पूजन किया।

मंच के संरक्षक भेरूलाल सेन महेंद्रगढ़ ने बताया कि यह कार्यक्रम च्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओज्ज् संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और लिंगानुपात में असंतुलन जैसी सामाजिक समस्याओं को दूर करना आज अत्यंत आवश्यक है। बेटियों के प्रति सकारात्मक



सोच और समानता का व्यवहार समाज की समृद्धि और देवी मां की कृपा का स्रोत है। इस आयोजन में समिति के सदस्य सुनील खलवा, दीपक सेन, तुषार सेन, सनी झालवाल, सुनील सेन, शिवराज सेन, सर्वेश सेन, दिनेश सेन, यश सेन, अभिषेक सेन, विकास सेन, महादेव सेन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान तीन दिवसीय गरबा महोत्सव भी मनाया गया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।